

# पुष्पांजली टुडे

**नई सोच, नई पहल**



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 238

ग्वालियर, गुरुवार, 21 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### लखनऊ पुलिस ने प्रियंका गांधी को हिरासत में लिया

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को लखनऊ पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दरअसल, आगरा में 19 अक्टूबर को पुलिस हिरासत में सफाई कर्मचारी की मौत हो गई है। जिसके बाद प्रियंका गांधी बुधवार को पीड़ित परिवार से मिलने के लिए आगरा जा रही थी, तभी उन्हें लखनऊ पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रियंका ने कहा कि पुलिस की खुद स्थिति यह हो गई है कि वे कुछ कह नहीं पा रहे हैं। उनके अधिकारी भी जानते हैं कि ये ग़लत है इसके पीछे कुछ क़ानून व्यवस्था का मुद्दा नहीं है। हर जगह कहते हैं कि धारा-144 है। पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर ने बताया कि आगरा के जिलाधिकारी ने लखनऊ पुलिस से लिखित अनुरोध किया था कि राजधानी से आगरा आने वाले राजनीतिक दलों के नेताओं को कानून-व्यवस्था के मद्देनजर वहां न आने दिया जाए। गौरतलब है कि आगरा के जगदीशपुरा थाने के मालखाने से 25 लाख रुपए की चोरी के आरोप में सफाई कर्मचारी के रूप में काम करने वाले अरुण को हिरासत में लिया गया। इस दौरान उससे पूछताछ की गई। पुलिस अधिकारी ने बताया था कि रात में अरुण के घर की तलाशी ली जा रही थी, उसी दौरान आरोपी की तबियत बिगड़ने लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत लाया हुआ घोषित कर दिया।

### ब्रेक फेल होने से पलटी बस, ड्राइवर की सूझबूझ से बची 13 लोगों की जान

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में करसोग में ब्रेक फेल होने के बाद एक एचआरटीसी बस पलट गई. हालांकि, गनीमत यह रही कि बस में सवार लोगों को चोटें नहीं आई. दो लोगों को हल्की चोटें लगी हैं. जानकारी के अनुसर, करसोग के शोरशन के समीप एचआरटीसी बस के ब्रेक फेल हो गए. बस में चालक व परिचालक समेत 13 लोग सवार थे. चालक ने ब्रेक फेल होने के बाद बस को लिंक रोड पर चढ़ा दिया और चढ़ाई के चलते बस की रफ्तार कम हो गई और बाद में बस पलट गई. इस तरह से ड्राईवर की सूझबूझ से 13 लोगों की जान बच गई. बस चालक ने सीट पर खडे होकर जोर से ब्रेक दबाने का प्रयास किया, लेकिन बस नहीं रुकी.

### राहुल गांधी का आरोप,आज वाल्मीकि जी के संदेश पर आक्रमण हो रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मौजूदा केंद्र सरकार के तहत संविधान, महर्षि वाल्मीकि के विचार और दलित समुदाय के लोगों पर हमले हो रहे हैं। उन्होंने वाल्मीकि जयंती के मौके पर कांग्रेस मुख्यालय से 'शोभा यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, वाल्मीकि जी ने देश और दुनिया को एक रास्ता दिखाया। उनका संदेश प्यार और भाईचारे का था। आज वाल्मीकि जी के संदेश पर आक्रमण हो रहा है। हमारा संविधान वाल्मीकि जी की विचारधारा का संविधान है। वाल्मीकि जी ने जो बातें कही थी उसी विचार के मुताबिक संविधान बना था।''राहुल ने आरोप लगाया, ''संविधान, वाल्मीकि जी के विचार और दलित भाई-बहनों पर हमले हो रहे हैं। पूरे देश को यह बात मालूम है। सिर्फ कुछ लोगों को पूरा फायदा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी दलित भाई-बहनों पर हो रहे हमले को रोकेगी। ये लोग जितन देश को तोड़ेंगे, उतना ही हम देश को जोड़ेंगे। जितनी ये नफरत फैलाएंगे, उतना ही हम भाईचारे की बात करेंगे।'' 'शोभा यात्रा' से जुड़े समारोह में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार, प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल, कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष नितिन राउत और कई अन्य नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

### आसाराम के बेटे नारायण साई को सुप्रीम झटका

**नई दिल्ली।** आसाराम के बेटे और रेप के दोषी नारायण साई को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम के बेटे एवं बलात्कार के दोषी नारायण साई को 14 दिन की फरलो (फर्लो) दिए जाने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को बुधवार को खारिज कर दिया। बता दें कि गुजरात हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने नारायण साई को फरलो देने के हाईकोर्ट के 24 जून के आदेश को चुनौती देने वाली गुजरात सरकार की याचिका स्वीकार कर ली। शीर्ष अदालत ने कहा कि फरलो कोई पूर्ण अधिकार नहीं हैं और इसे देना कई कारकों पर निर्भर करता है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि साई की कोठरी से एक मोबाइल फोन मिला था, इसलिए जेल अधीक्षक ने राय दी थी कि उसे फरलो नहीं दी जानी चाहिए। बता दें कि नारायण साई बलात्कार के एक मामले में दोषी है और वह आजीवन उम्रकैद की सजा काट रहा है। बता दें कि 24 जून को गुजरात हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने नारायण साई को फरलो दे दी थी।

# पंधाना की चुनावी सभा में कमलनाथ ने भाजपा पर बोला हमला, शिवराज एक्टर तो मोदी डायरेक्टर

### उनका एक भी स्वतंत्रता सेनानी नहीं और कांग्रेस को राष्ट्रवाद पढ़ाने चले

**खण्डवा।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने देवास के बागली और खंडवा के पंधाना में चुनावी सभा की। दोनों ही जगह उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर हमला बोला। पंधाना में उन्होंने कहा कि शिवराज एक्टर और मोदी जैसा डायरेक्टर कभी नहीं देखा। देश और प्रदेश थक गया है आपकी कलाकारी से, 15 लाख किसान की इनकम डबल न हुई, तो 2019 के चुनाव में राष्ट्रवाद की बात की। एक नाम बता दीजिए, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी यदि भाजपा का हो और कांग्रेस को राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाने चले हैं। कमलनाथ ने शिवराज पर निशाना साधते हुए कहा कि 22 हजार से ज्यादा घोषणाएं कर चुके हैं। आपकी कलाकारी से प्रदेश थक चुका है। कुर्सी जाने वाली है। इससे पहले जनता से माफी मांग लीजिए। ये मध्यप्रदेश की जनता है माफ कर देगी। मुझसे 15 महीने का हिसाब मांग रहे थे। साढ़े 11 महीने में मेरी सरकार में 27 लाख किसानों का कर्जा माफ हुआ। सामूहिक विवाह, पेंशन



की राशि बढ़ाई। आप तो गाय के नाम की राजनीति करते थे। मैंने 1 हजार गोशालाओं का निर्माण करवाया। बिजली बिल आधे करवाए, तो मिलावट और माफिया के खिलाफ अभियान चलाया, जबकि मैंने कोई घोषणा नहीं की थी। अब आप किस मंच पर आकर 15 साल का हिसाब-किताब देंगे शिवराजजी, पंधाना, खंडवा या और कहीं देंगे।

**प्रदेश में निवेश बढ़ेगा, तो बेरोजगारी दूर होगी:** कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है। नौजवानों का भविष्य नहीं सुधरेगा, तो कैसे मध्यप्रदेश बनेगा। प्रदेश पांच राज्यों की सीमा से घिरा है। हर कोई उद्योगपति यहां निवेश करना चाहता है, लेकिन मध्यप्रदेश की पहचान नहीं है, इसलिए यहां कोई निवेश नहीं करना चाहता। हमारी सरकार ने प्लानिंग की और मिलावट, माफिया को खत्म कर प्रदेश को पहचान दिलाने का काम भी किया।

**कांग्रेस नेताओं ने राम दांगोरे को लिया आड़े हाथ:** कमलनाथ से पहले भाषण दे रही कांग्रेस नेत्री प्रतिभा रघुवंशी ने महंगाई व महिला अत्याचार पर भाजपा सरकार को घेरा। वहीं कहा कि यहां के विधायक खंडवा में घुड़सवारी करते हैं। डॉ. हीरालाल अलावा ने कहा कि आदिवासी नेता बनते हैं, लेकिन आदिवासियों के हित में एक भी सवाल विधानसभा में नहीं उठा पाए।

## श्रीलंका से बुद्ध धातु अवशेष आया कुशीनगर, फिर वापस

### धातु अवशेष को लेकर सात गणराज्यों में होने वाला था युद्ध



**कुशीनगर।** कुशीनगर अर्न्तराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के अवसर पर एवं एक लम्बे इंतजार के बाद बुधवार को 141 वर्ष बाद 20 अक्टूबर बुधवार को श्रीलंका से कुशीनगर लाया गया। इस धातु अवशेष को श्रीलंका से बौद्ध भिक्षु अपने साथ लेकर आये। पहले इसे कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रखा गया, इसके बाद बुद्ध के महापरिनिर्वाण मंदिर लाया गया, जहां विशेष पूजा की गयी। इस पूजा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए और पुष्प गुच्छ अर्पित कर नमस्कार किया।

जानकारी के अनुसार कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम में श्रीलंका से आ रहे बौद्ध भिक्षु व डेलीगेट्स सरकार के आग्रह पर अपने साथ भगवान बुद्ध के धातु अवशेष का एक हिस्सा कुशीनगर लायें। रामभार में दर्शन पुजा कर वे बनारस चले गये जहां एक कार्यक्रम शामिल होगें और पुनः श्रीलंका वापस लौट जायेगें। जानकार बताते है कि यह अस्थि अवशेष शान्ति व सुरक्षा की दृष्टि से ऐसे जगह ले जाया जाता है, जहां किसी कार्य की शुरूआत होती है । बताया जाता है कि यह अवशेष सन 1880 में भारत से ही श्रीलंका गया था। इस धातु अवशेष का बौद्ध धर्म में विशेष महत्व है। मूर्ति पूजा से पहले इसी की पूजा की जाती थी। जहां पर इसे रखा जाता है, उसे धार्मिक दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण स्थल माना जाता है। सम्राट अशोक ने 80 हजार से अधिक स्तूप बनवाए थे,सभी में अवशेष रखे गए थे।

### धातु अवशेष के लगे सात हिस्से

बताया जाता है कि भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण के बाद कुशीनगर में धातु अवशेष के बंटवारे को लेकर युद्ध की स्थिति आ गई थी। तब बुद्ध के शिष्य द्रोण ने शांति, अहिसा की बात कहते हुए धातु (अस्थि) अवशेष को सात हिस्सों में बांटा था। बाद में इन हिस्सों को दुनिया के अन्य स्थानों पर भी ले जाया गया। अजय कुमार त्रिपाठी ईएमएस

## कानून के राज में थर-थर कांपते हैं अपराधी और सीधे गरीबों तक पहुंचता है विकास योजनाओं का लाभ : मोदी

### पीएम मोदी ने यूपी में योगी के कामों पर लगाई मोहर

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को उत्तर प्रदेश दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने कुशीनगर में एक सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की। उन्होंने मोदी ने उत्तर प्रदेश में तेज गति से किए जा रहे विकास कार्य, वैक्सीनेशन का रिकॉर्ड, माफिया राज को खत्म करने के अभियान पर योगी आदित्यनाथ की तारीफ की। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार, डबल ताकत से स्थितियों को सुधार रही है। वर्ना 2017 से



पहले जो सरकार यहां थी, उसे आपकी दिक्कतों से, गरीब की परेशानी से कोई सरोकार नहीं था।

मोदी ने कहा कि 2017 से पहले जो सरकार यहां पर थी, उसकी नीति थी- माफिया को खुली छूट, खुली लूट। आज योगी के नेतृत्व में यहां माफिया माफी मांगता फिर रहा है और सबसे ज्यादा दर्द भी माफियावादियों को हो रहा है। एक समय में उत्तर प्रदेश, देश के हर बड़े अभियान के लिए चुनौती मान लिया जाता था। लेकिन आज उत्तर प्रदेश के हर बड़े मिशन की सफलता में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

मोदी ने कहा कि एक समय में उत्तर प्रदेश, देश के हर बड़े अभियान के लिए चुनौती मान लिया जाता था। लेकिन आज उत्तर प्रदेश के हर बड़े मिशन की सफलता में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मोदी ने कहा कि बीते वर्षों में स्वच्छ भारत अभियान से लेकर कोरोना के विरुद्ध अभियान में देश ने लगातार अनुभव किया है। देश में प्रतिदिन औसतन सबसे ज्यादा वैक्सीन लगाने वाला राज्य उत्तर प्रदेश है। जब कानून का राज होता है, अपराधियों में डर होता है, तो विकास की योजनाओं का लाभ भी तेजी से गरीब, दलित, शोषित, पिछड़ों तक पहुंचता है।

### फ्लाईट में अभिनेत्री से छेड़छाड़ के मामले में गाजियाबाद के बिजनेसमैन मुंबई एयरपोर्ट पर गिरफ्तार

**मुंबई।** दिल्ली-मुंबई फ्लाइट में एक एक्ट्रेस से छेड़छाड़ के आरोप में मुंबई पुलिस ने गाजियाबाद के एक बिजनेसमैन को गिरफ्तार कर लिया है. महिला द्वारा की गई शिकायत के अनुसार, मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फ्लाइट लैंड होने के बाद जैसे ही वह अपना बैग निकालने के लिए ओवरहेड स्टोरेज खोलने के लिए उठी, उसे लगा कि किसी ने उसे पीछे से उसे पकड़ लिया है। पुलिस के अनुसार एक्ट्रेस ने तुरंत गुस्से में प्रतिक्रिया की और पुलिस के अनुसार वहां मौजूद केबिन क्रू में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## भारत से नेपाल तक तबाही का मंजर

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल में भारी बारिश की वजह से भूस्खलन और बाढ़ ने बड़ी तबाही मचाई है। भारत के उत्तराखंड, केरल से लेकर नेपाल में आफत की बारिश, भूस्खलन और बाढ़



की वजह से अब तक 100 से अधिक लोगों की मौतें हो चुकी हैं और दर्जनों लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों की मानें तो उत्तराखंड में जहां इस तबाही से अब तक 46 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 11 अब भी लापता हैं। इसके अलावा केरल में बाढ़ और भूस्खलन की वजह से मरने वालों का आंकड़ा 39 पहुंच चुका है। उत्तराखंड में मंगलवार तड़के नैनीताल क्षेत्र मे बादल फटने के बाद, बारिश की वजह से अत्यधिक तीव्र बाढ़ और भूस्खलन की एक श्रृंखला शुरू हो गई और कई संरचनाएं नष्ट हो गईं। इन सात अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारी प्रदीप जैन ने एएफपी को बताया कि मृतकों में से पांच एक ही परिवार से थे, जिसका घर एक बड़े भूस्खलन की वजह से दब गया था।

### पृथ्वीपुर में दो किसानों की हत्या

**निवाड़ी।** चुनावी सरगर्मी वाले निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में खेत पर रखवाली कर रहे दो किसानों की गला रेत कर हत्या कर दी गई। वहीं, एक किसान ने भागकर जान बचाई। यह सनसनीखेज वारदात मंगलवार रात करीब 3 बजे मड़वा खास गांव में हुई। मरने वाले ग्राम लड़वारी खास और शिवरामपुर के रहने वाले हैं। बता दें कि इस समय पृथ्वीपुर



विधानसभा में उपचुनाव को लेकर प्रचार -प्रसार जोरों पर है। 40 साल के काशीराम रायकवार और 50 साल के शूरी रायकवार अपने खेत पर रखवाली कर रहे थे। जब यह सोने चले गए तो सोते वक्त रात में इन पर शिवदयाल नामक व्यक्ति ने हथियार से हमला कर दिया।

### सतना के रैगांव में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा

## कमलनाथ ने मेरी बहनों के लड्डू तक छिन लिए

### अब प्रदेश की बहनें बनाएंगी 800 करोड़ का पोषण आहार



**सतना।** सतना के रैगांव विधानसभा क्षेत्र के महतैन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने भाजपा की अनेक योजनाएं बंद कर दी थीं। उन्होंने कहा कि कमल नाथ तुमने तो मेरी बहनों के लड्डू तक छीन लिए। बहनों की डिलीवरी होने के बाद उन्हें 16 हजार रुपए मिलते थे जो कमलनाथ ने बंद कर दिए थे। मृत्यु होने के बाद कफन के पैसे तक छीन लिए। एक्सीडेंट होने पर परिवार को मिलने वाली मदद भी छीन ली थी। इसके लिए भाजपा सरकार 4 लाख रुपए देती है। उन्होंने कहा कि जिनके पास रहने के लिए जमीन नहीं है उन्हें योजना के माध्यम से रहने के लिए जमीन दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस गरीब के पास पट्टा नहीं है और थोड़ी सी जमीन में रह रहा है या खेती कर रहा है उसे उसी जमीन का पट्टा दिया जाएगा। जिनका कच्चा मकान है उन्हें पक्का मकान बनाने के लिए भाजपा सरकार पैसे देगी। सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग हो या आदिवासी बच्चे पढ़ेंगे और फीस सरकार जमा करेगी।

### आयुष्मान कार्ड सभी के बनेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा की सभी को अच्छा इलाज मिल सके इसके लिए गांव-गांव में सभी के आयुष्मान कार्ड बनेंगे। यदि कोई बीमार हुआ तो पांच लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त में होगा। उन्होंने कहा कि कमल नाथ ने पोषण बनाने का कार्य ठेकेदारों को सौंप दिया था अब हमारी सरकार ठेकेदारों से वह काम छीनकर बहनों के हाथ में सौंपेगी। प्रदेश में 800 करोड़ का पोषण आहार बनता है। इसे बनाने में 100 करोड़ तो बचेंगे जो हमारी बहनों के खाते में जाएंगे।

### कांग्रेस ने किया है रैगांव की बेटी का अपमान

रैगांव में भाजपा प्रत्याशी प्रतिमा बागरी के बालों में फंसा चश्मा निकालने के मामले पर बुधवार को रैगांव में चुनावी सभा में खुद सीएम शिवराज ने इसे लेकर कांग्रेसियों पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी एक वीडियो वायरल कर रहे हैं और हमारे मंत्री का पुतला जला रहे हैं। एक भाई ने बहन प्रतिमा के बालों में फंसा चश्मा निकाला तो क्या अपराध कर दिया। कांग्रेसी हमारी बेटी का अपमान कर रहे हैं। ये अपमान प्रतिमा का नहीं, पूरे रैगांव की बेटियों का अपमान है। इस अपमान का बदला लेना होगा। आप सबको इसके लिए चुनाव की कमान खुद हाथ में लेनी होगी।

### प्रतिमा बोलीं- कांग्रेस ने मर्यादा को तार-तार किया

भाजपा प्रत्याशी प्रतिमा बागरी ने भी मंच से कहा कि कांग्रेस ने संबंधों मर्यादा को तार-तार कर दिया। भाजपा एक परिवार है। इसमें बहन बेटी को स्नेह मिलता है। विपक्ष इसे नहीं समझता। भाई-बहन के रिश्ते को नहीं समझता है। बहुत ओछी मानसिकता है, क्योंकि वहां महिलाओं का सम्मान नहीं होता। मुझे तो लगता है कि कांग्रेस में माताएं बहनें कैसे काम करतीं होंगी। उनकी मानसिकता बहुत ओछी और नीच सोच की है। उनकी इस हरकत का जवाब आपको अपनी इस बेटी को अपना स्नेह वोट देकर देना होगा। उन्होंने आपकी इस बेटी का अपमान समाज में किया है, उसका जवाब हर भाई, पिता को देना होगा।



## वन-टू-वन

### पंड्या ओर भुवनेश्वर के खराब फार्म से हो सकता है नुकसान : पार्थिव

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और करना और तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के खराब फार्म पर चिन्ता जताते हुए कहा कि यह टीम के



लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। पार्थिव ने कहा कि मुझे नहीं लगता है कि हार्दिक आने वाले शुरुआती मैचों में गेंदबाजी करते हुए दिखेंगे, जिस तरह से कप्तान विराट कोहली ने पांच गेंदबाजों का उपयोग किया है उसमें हार्दिक की जगह नहीं बनती। पार्थिव ने साथ ही कहा कि मैं भुवनेश्वर के लिए ज्यादा चिंतित हूं क्योंकि वो अभी आईपीएल के समान ही खेल रहे हैं। वह जरा भी लय में नहीं दिख रहे। भुवनेश्वर की धीमी गति, बिना लय की गेंदबाजी टीम की चिंता बढ़ा सकती है, क्योंकि यूएई की पिचों पर सिर्फ मूवमेंट के भरोसे नहीं रहा जा सकता है। जहां तक हार्दिक की बात है उन्होंने लंबे समय से गेंदबाज नहीं की है। आईपीएल में भी उन्होंने कोई ओवर नहीं किया था। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे थे कि क्या केवल एक बल्लेबाज के तौर पर ही हार्दिक की टीम में जगह बन पाएगी। ऐसे में टीम प्रबंधन शार्दुल ठाकुर या रविंद्र जडेजा में से किसी को अवसर दे सकता है। यह दोनो ही गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी भी करते हैं।

### बांग्लादेश ने ओमान को हराया, सुपर 12 की उम्मीदें कायम

**मस्कट।** शाकिब अल हसन के शानदार प्रदर्शन की सहायता से बांग्लादेश ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप ग्रुप बी के अपने दूसरे मैच में ओमान को 26 रन से हराकर सुपर 12 में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बनाये रखा है। बांग्लादेश की यह यह क्वालिफाइंग दौर की पहली जीत है। वहीं टीम को पहले मैच में स्कॉटलैंड से हार मिली थी जिसके बाद उसके लिए सुपर 12 में पहुंचने इस मैच को जीतना जरुरी था। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम ने 153 रन बनाए। बल्लेबाज मोहम्मद नईम ने सबसे अधिक 64 रन बनाये जबकि शाकिब अल हसन ने 42 रन बनाये । ओमान के गेंदबाज बिलाल खान और फैयाज बट ने 3-3 विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए ओमान की टीम 9 विकेट पर 127 रन ही बना पायी। ओमान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज आकिब केवल 6 रन बनाकर ही मुस्तिफिजुर रहमान का शिकार बने। इसके बाद जतिंदर सिंह ने 40 और कश्यप प्रजापति ने 21 रन बनाकर पारी को संभाला और स्कोर 47 रन तक पहुंचाया। कश्यप इसके बाद मुस्तिफिजुर की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद ऑफ स्पिनर मेहदी हसन ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए कप्तान जीशान को 12 रनों पर आउट कर दिया। जतिंदर भी शाकिब की गेंद पर पेवेलियन लौट गये। संदीप गौड़ 4 रन बनाकर आउट हुए। टीम इस प्रकार 20 ओवर में 9 विकेट पर 127 रन ही बना पायी। मुस्तिफिजुर ने सबसे अधिक चार विकेट लिए जबकि शाकिब को तीन विकेट मिले।

### टाटा स्टील बीएसएल का मुनाफा पांच गुना बढ़ा

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील बीएसएल का मुनाफा चालू वित्त वर्ष 2021-22 की जुलाई-सितंबर तिमाही में पांच गुना उछलकर 1,837.03 करोड़ रुपए रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2020-21 की इसी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 341.71 करोड़ रुपए था। टाटा स्टील बीएसएल की कुल आय सितंबर, 2021 को समाप्त तिमाही में बढ़कर 8,329.68 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 5,545.35 करोड़ रुपए थी। उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील ने 18 मई, 2018 को भूषण स्टील लिमिटेड का अपनी पूर्ण अनुषंगी इकाई बामनीपाल स्टील लिए के जरिये अधिग्रहण किया था।

### सितंबर तिमाही में फोनपे के जरिये लेनदेन 23 प्रतिशत बढ़कर 9,21,674 करोड़

**नई दिल्ली।** प्रमुख वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी (फिनटेक) फोनपे ने कहा कि जुलाई-सितंबर, 2021 की तिमाही में उसके मंच पर लेनदेन का कुल भुगतान मूल्य (टीपीवी) क्रमिक रूप से 23.3 प्रतिशत बढ़कर 9,21,674 करोड़ रुपए हो गया, जबकि लेनदेन की संख्या 33.6 प्रतिशत बढ़कर 526.5 करोड़ हो गई। यूपीआई और मर्चेंट भुगतान के साथ धन हस्तांतरण ने 200 करोड़ लेनदेन का एक नया मुकाम हासिल किया। एक रिपोर्ट के अनुसार ऑफलाइन मर्चेंट भुगतान ऑनलाइन मर्चेंट भुगतान की तुलना में तेजी से बढ़ा। इसमें तिमाही आधार पर 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें कहा गया ?कि महामारी की दूसरी लहर के बाद सुधार के साफ संकेत के तौर पर और दुकानों के तेजी से खुलने के साथ पांच में से लगभग चार मर्चेंट भुगतान अब ऑफलाइन लेनदेन के रूप में हो रहे हैं।

### विटोल ने सन मोबिलिटी में 370 करोड़ निवेश किया

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन ऊर्जा अवसंरचना कंपनी सन मोबिलिटी ने बुधवार को कहा कि उसने वैश्विक स्वतंत्र ऊर्जा व्यापारी कंपनी और शून्य-उत्सर्जन एवं नवीकरणीय ऊर्जा परिसंपत्तियों की निवेशक विटोल से पांच करोड़ डॉलर (लगभग 370 करोड़ रुपए) का निवेश हासिल किया है। कंपनी ने कहा कि विटोल का यह रणनीतिक निवेश पूरे भारत और चुनिंदा वैश्विक बाजारों में सन मोबिलिटी की सेवाओं में तेजी लाने और उनके विस्तार में मदद करेगा। कंपनी ने कहा कि अपनी सेवा की पेशकश के तहत वह स्वैप प्वाइंट (बैटरी स्वैपिंग स्टेशन) की संख्या बढ़ाकर, विभिन्न मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के साथ साझेदारी करके, नए बिजनेस मॉडल पेश करने के लिए विभिन्न फ्लीट ऑपरेटरों और वितरकों के साथ सहयोग करके और अधिक वाहनों को जोड़कर सभी प्रमुख शहरों में अपनी मौजूदगी बढ़ाएगी।

# स्टोक्स ने गेंदबाजी अभ्यास का वीडियो साझा किया



**लंदन।** इंग्लैंड टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने अपना एक गेंदबाजी वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। इसमें स्टोक्स प्रशिक्षण सत्र के दौरान गेंदबाजी करते हुए नजर आये। स्टोक्स के इस वीडियो से उनके एशेज सीरीज में गेंदबाजी की भी संभावनाएं नजर आ रही हैं हालांकि स्टोक्स एशेज के लिए घोषित टीम में शामिल नहीं हैं। एशेज सीरीज इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में होगी। यह ऑलराउंडर अप्रैल में आईपीएल 2021 के दौरान उंगली में चोट लगने के बाद से ही खेल से बाहर है। स्टोक्स ने इसके बाद अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए ही क्रिकेट से ब्रेक लिया है। हाल के दिनों में वह नेट में बल्लेबाजी और गेंदबाजी की तस्वीरें साझा करते दिखे। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वह आने वाले समय में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। इंग्लैंड क्रिकेट टीम आठ दिसंबर से शुरू होने वाली एशेज सीरीज के लिए नवंबर के पहले सप्ताह में ही ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी।

वहीं इंग्लैंड के परफॉर्मेंस डायरेक्टर मो बोबट ने स्टोक्स के इस गेंदबाजी वीडियो को 'बेहद सकारात्मक' संकेत करार दिया है हालांकि उन्होंने कहा कि इस ऑलराउंडर पर एशेज दौरे के लिए वापसी का दबाव नहीं बनाया जाएगा। वहीं इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने कुछ समय पहले कहा था कि वह स्टोक्स की टीम में संभावित वापसी के बारे में अभी नहीं सोच रहे हैं और उनकी एकमात्र चिंता अपने साथियों का मानसिक स्वास्थ्य है। हर किसी के दिमाग में एक बात सबसे आगे रहती है कि वह ठीक हो जाएं। कोई उनके बारे में और बातें सोचना भी नहीं चाहता। हम बस यही चाहते हैं कि वह खुद सही हों और खुशी महसूस करें और इस तरह की चीजें करें।

### ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैटिनसन ने संन्यास लिया

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेम्स पैटिनसन ने खेल को अलविदा कह दिया है। 31 साल के पैटिनसन के संन्यास लेने से आगामी एशेज सीरीज से पहले मेजबान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को करारा झटका



लगा है। पैटिनसन का टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन अच्छा रहा है। अचानक ही उनके संन्यास के इस फैसले से कई प्रशंसकों को झटका लगा है। माना जा रहा है कि घुटने की चोट के कारण उन्होंने यह फैसला लिया है। पैटिंसन पिछले एक दशक में बेहतरीन ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों में शामिल रहे हैं। साल 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करते हुए इस तेज गेंदबाज ने पांच विकेट लिए थे। उन्होंने इसके बाद से ही अच्छा प्रदर्शन किया हालांकि बीच में चोट के कारण वह टीम से बाहर होते रहे। जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क के आने से भी उन्हें कम अवसर मिले। इसके बाद भी पैटिंसनऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के नियमित सदस्य रहे हैं। पैटिनसन ने अपने करियर के दौरान 21 टेस्ट मैचों में 81 विकेट लिए, जिसमें चार पांच विकेट शामिल हैं। पैटिंसन ने हाल ही में राष्ट्रीय टीम से हटने को लेकर कहा , जैसे-जैसे आप बड़े होते जाते हैं सबसे कठिन हिस्सा यह है कि आप अपने क्रिकेट का भी आनंद लेना चाहते हैं। आप अपना सारा ध्यान ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रिकेट खेलने में लगाते हैं पर कभी न कभी यह सिलसिला समाप्त होना ही है।

### मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में मुंबई की कप्तानी करेंगे रहाणे

**मुम्बई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे जबकि उपकप्तान पृथ्वी शॉ होंगे। पूर्व तेज गेंदबाज सलिल अंकोला की अध्यक्षता वाली एमसीए ने टीम घोषित की है। अंकोला, गुलाम पारकर, सुनील मोरे, प्रसाद देसाई और आनंद यलविगी की मुंबई चयन समिति ने टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण रखा है। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज आदित्य तारे और सिद्धेश लाड जैसे सीनियर खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी गयी है। टीम में युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान के साथ हरफनमौला शिवम दुबे जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को भी शामिल किया गया है। गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व धवल कुलकर्णी करेंगे।

# सूर्यकुमार की जगह ईशान को अंतिम ग्यारह में शामिल कर सकती है भारतीय टीम: बट



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सलमान बट के अनुसार टी20 विश्वकप में भारत सूर्यकुमार यादव की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को अपने अंतिम खिलाड़ियों में शामिल कर सकता है। बट का मानना है कि ईशान ने जिस प्रकार अभ्यास मैच में इंग्लैंड के खिलापफ बल्लेबाजी की है उससे उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह मिलने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। ईशान ने इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 70 रन की पारी खेली। इस दौरान वह अच्छी लय में नजर आए और बतौर सलामी बल्लेबाज उतरे थे। वहीं दूसरी ओर सूर्यकुमार अपने पहले वाले अंदाज में नहीं दिख रहे। वह वह अभ्यास मैच में केवल 8 रन ही बना पाये। आईपीएल के दूसरे चरण में भी सूर्यकुमार का प्रदर्शन विशेष नहीं रहा। आईपीएल के दूसरे हाफ में 7 मैचों में केवल 144 रन बनाए, जबकि उनमें से 82 रन मुंबई इंडियंस के आखिरी लीग मैच में बनाए।

बट ने कहा, 'सूर्यकुमार उस तरह की फॉर्म में नहीं हैं, जैसा हमें श्रीलंका में देखा था। आईपीएल में भी अगर हम यूएई लेग के फाइनल मैच की एक पारी को निकाल दें, तो उन्होंने किसी भी अन्य मैच में खास प्रदर्शन नहीं किया। अगर उनकी फॉर्म को लेकर चिंता बनी रहती है तो ईशान उनकी जगह अंतिम ग्यारह में शामिल किए जा सकते हैं। वह शानदार फॉर्म में हैं। मुझे भी लगता है कि अगर भारत को सूर्यकुमार और ईशान में से किसी एक को चुनना है, तो उन्हें वर्तमान फॉर्म को देखते हुए किशन के साथ जाना चाहिए। वह मैच बदलने वाली पारी खेल सकते हैं। ' रोहित शर्मा, लोकेश राहुल और विराट कोहली के रहने से भारत के शीर्ष क्रम में दाएं हाथ के 3 बल्लेबाज हैं। वहीं अगर ईशान खेलते हैं तो टीम के पास मध्य क्रम में दो बाएं हाथ के बल्लेबाज होंगे। ऋषभ पंत भी बाएं हाथ के ही बल्लेबाज हैं। इससे भारतीय टीम को बाएं-दाएं संयोजन को बनाने में मदद मिलेगी।

# विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम सर्बिया रवाना



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष मुक्केबाजी टीम 24 अक्टूबर से शुरू होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड रवाना हो गयी है। भारत ने इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप के लिये शिव थापा , दीपक कुमार सहित 13 सदस्यीय टीम भेजी है। इन खिलाड़ियों में शामिल थापा ने इससे पहले साल 2015 में इस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।वहीं मुक्केबाजों की सहायता के लिये 'हाई परफोरमेन्स' निदेशक सैंटियागो नीवा, मुख्य कोच नरेंदर राणा और सहायक कोच एल देवेंद्रो सिंह आदि भी भारतीय दल में शामिल हैं। नीवा का यह भारतीय टीम के साथ आखिरी टूर्नामेंट होगा, क्योंकि टोक्यो ओलंपिक के खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने उनका करार आगे नहीं बढ़ाने की बात कही है। टोक्यो ओलंपिक के बाद भारतीय मुक्केबाज पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। अमित पंघाल सहित टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले पांच मुक्केबाजों को इस टीम में जगह नहीं मिली क्योंकि ये लोग राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शामिल नहीं थे। विश्व चैंपियनशिप में 105 देशों के 600 से अधिक मुक्केबाज भाग लेंगे।

#### भारतीय टीम इस प्रकार हैः

गोविंद साहनी (48 किग्रा), दीपक कुमार (51 किग्रा), आकाश (54 किग्रा), रोहित मोर (57 किग्रा), वरिंदर सिंह (60 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), आकाश (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), सुमित (75 किग्रा)), सचिन कुमार (80 किग्रा), लक्ष्य (86 किग्रा), संजीत (92 किग्रा) और नरेंद्र (92 किग्रा)।


## मुनाफावसूली के कारण लगातार दूसरे दिन बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में यह गिरावट निवेशकों की मुनाफावसूली से आई है। इससे बीएसई सेंसेक्स नीचे आया है। दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और आईसीआईआईसी बैंक के शेयरों में आई इस गिरावट से बाजार टूटा है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 456.09 अंक करीब 0.74 फीसदी की गिरावट के साथ ही 61,259.96 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का



पचास शेयरों वाला निफ्टी भी 152.15 अंक तकरीबन 0.83 फीसदी टूटकर 18,266.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाइटन के शेयरों में सबसे अधिक करीब तीन फीसदी की गिरावट रही। इसके अलावा एचयूएल, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, एलएंडटी और पावरग्रिड के शेयरों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। वहीं दूसरी ओर भारती एयरटेल, एसबीआई, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और एक्सिस बैंक के शेयर ऊपर आये हैं। बाजार जानकारों के अनुसार जिन शेयरों में गिरावट वह बढ़ते मूल्य के कारण तय थी। इसलिए अभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में निवेश बेहतर रहेगा। बीएसई पर बाजार बंद होते समय भारती एयरटेल का शेयर सबसे अधिक 4.03 फीसदी तक बढ़ा जबकि एसबीआई के शेयर में आज 2.35 फीसदी की तेजी रही। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, आईटीसी और एचसीएल टेक के शेयरों में बढ़त दर्ज की गयी है।

# पेट्रोल और डीजल 35 पैसे महंगा




**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में दो दिनों की स्थिरता के बाद बुधवार को फिर पेट्रोल और डीजल कीमतें बढ़ गई हैं। इससे पहले दो दिनों तक पेट्रोल और डीजल के ग्राहकों ने दाम में बढ़ोतरी नहीं हुई थी। पिछले सप्ताह में भी देखें तो दो दिन को छोड़ कर अन्य दिन पेट्रोल-डीजल में हर रोज आग लगी। दिल्ली में बुधवार को पेट्रोल प्रति लीटर 35 पैसे महंगा हो कर 106.19 रुपये पर पहुंच गया। डीजल भी हर लीटर पर 35 पैसे महंगा हो कर 94.92 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया। पिछले महीने की 28 तारीख को पेट्रोल जहां 20 पैसे महंगा हुआ था वहीं डीजल भी 25 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ था। दरअसल, पिछले महीने के अंतिम दिनों से जो पेट्रोल की कीमतें बढ़नी शुरू हुई, वह आज भी जारी है। इस समय कच्चे तेल की कीमतें 85 डॉलर के पार है। इसलिए सभी पेट्रोलियम पदार्थ महंगे हो रहे हैं। पेट्रोल की कीमतों में देखें तो बीते 17 दिनों में ही यह 5.00 रुपए प्रति लीटर महंगा हो चुका है। पेट्रोल के मुकाबले डीजल का बाजार ज्यादा तेज हुआ है। बीते 20 दिनों में ही यह 6.30 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। कच्चे तेल के बाजार में राहत के आसार नहीं दिख रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड सोमवार को 86 डॉलर के भी पार चला गया था। यह अक्टूबर 2018 के बाद का उच्चतम स्तर है। उस दिन डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 83.73 डॉलर प्रति बैरल तक चला गया था। यह अक्टूबर 2014 के बाद का उच्चतम स्तर था। हालांकि, कारोबार बंद होते समय यह कम हुआ। कल भी कच्चे तेल का दाम में तेजी ही दिखी। अमेरिकी बाजार में कल ब्रेंट क्रूड जहां 0.75 डॉलर बढ़ कर 85.08 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ, वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड डॉलर की तेजी के साथ 82.96 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### जियो ने 6.49 लाख नए ग्राहक बनाए, वोडाफोन आइडिया ने 8.33 लाख ग्राहक गंवाए

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने अगस्त में 6.49 लाख नए मोबाइल ग्राहक बनाए। इसके बाद एयरटेल का स्थान रहा, एयरटेल ने 1.38 लाख नए कनेक्शन जोड़े है।ट्राई के बुधवार को जारी आंकड़ों से इसकी जानकारी मिली है। इसके उलट वोडाफोन आइडिया ने अगस्त में 8.33 लाख ग्राहक गंवाए, हालांकि उसका नुकसान जुलाई की तुलना में कम रहा। जियो ने नये ग्राहक जोड़ने की रेस में प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ना जारी रखते हुए अगस्त में 6.49 लाख वायरलेस उपयोगकर्ता जोड़े। इसके साथ ही उसका मोबाइल ग्राहकों का आधार बढ़कर 44.38 करोड़ हो गया।वहीं भारती एयरटेल ने महीने के दौरान 1.38 लाख ग्राहक जोड़े जिससे उसके कुल वायरलेस कनेक्शनों की संख्या 35.41 करोड़ हो गयी। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, वोडाफोन आइडिया ने अगस्त में 8.33 लाख मोबाइल कनेक्शन गंवाए और इसके साथ उसके वायरलेस ग्राहकों की संख्या घटकर 27.1 करोड़ रह गई जुलाई के आंकड़ों से तुलना करें,तब संकटग्रस्त कंपनी ने अपने ग्राहकों के नुकसान को एक हद तक कम कर लिया है।

# भारत में जल्द लौट सकता हैं मोटी सैलरी वाला दौर



**मुंबई।** भारत में ऊंचे वेतन का दौर अगले साल से फिर लौटने की उम्मीद है।रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 में भारत में कर्मचारियों के वेतन में औसतन9.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। 2021 में इसके आठ प्रतिशत रहने का अनुमान है।रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनियों के सामने कर्मचारियों को आकर्षित करने और उन्हें अपने साथ जोड़े रखने की चुनौती है।इसके बाद 2022 में कंपनियां कर्मचारियों को अधिक वेतनवृद्धि देंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया-प्रशांत में अगले साल सबसे अधिक वेतनवृद्धि भारत में होगी। अगले 12 माह के दौरान कारोबारी परिदृश्य में सुधार की उम्मीद है।यह रिपोर्ट छमाही सर्वे है।सर्वे मई और जून, 2021 के दौरान एशिया-प्रशांत की विभिन्न उद्योग क्षेत्रों की 1,405 कंपनियों के बीच किया गया। इनमें से 435 कंपनियां भारत की हैं। रिपोर्ट के अनुसार,52 प्रतिशत भारतीय कंपनियों का मानना है कि अगले 12 माह के दौरान उनका राजस्व परिदृश्य सकारात्मक रहेगा।2020 की चौथी तिमाही में ऐसा मानने वाली कंपनियों की संख्या 37 प्रतिशत थी। कारोबारी परिदृश्य में सुधार से नौकरियों की स्थिति भी सुधरेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 प्रतिशत कंपनियां अगले एक साल के दौरान नई नियुक्तियों की तैयारी कर रही हैं। यह 2020 की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कामकाज मसलन इंजीनियरिंग (57.5 प्रतिशत), सूचना प्रौद्योगिकी (53.3 प्रतिशत), तकनीकी कौशल (34.2 प्रतिशत) बिक्री (37 प्रतिशत) और वित्त (11.6 प्रतिशत) में सबसे अधिक भर्तियां देखने को मिलेंगी।

### बिटकॉइन की कीमत 64,000 डॉलर पहुंची

**मुंबई।** अमेरिका में पहला बिटकॉइन फ्यूचर्स बेस्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) लॉन्च होने के बाद बिटकॉइन की कीमत तीन प्रतिशत से अधिक बढ़कर 63,901 डॉलर पर पहुंच गई। यह अभी तक के अपने उच्च स्तर की ओर बढ़ रहा है। हाल के दिनों में बिटकॉइन फ्यूचर्स ईटीएफ के शुरू होने की अटकलों से इसमें तेजी आई है। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से दुनिया की इस सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी की कीमत जुलाई के आ?खिरी में ?निम्न स्तर से लगभग दोगुना हो गई है। बिटकॉइन ने इस वर्ष अप्रैल में लगभग 65,000 डॉलर का रिकॉर्ड बनाया छुआ था। इस वर्ष अभी तक इसमें 121 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी ईथर की कीमत 2 प्रतिशत से अधिक तेजी के साथ 3,857 डॉलर पर था। कार्डानो की कीमत लगभग 2 प्रतिशत गिरकर 2.10 डॉलर पर आ गया। शिबा इनु, बाइनेंस कॉइन, सोलाना और लाइटकॉइन जैसे अन्य डिजिटल टोकन में तेजी आई है।

### आईपीओ के आने से पहले ओला में उठापटक का दौर

**मुंबई।** मोबिलिटी प्लेटफॉर्म ओला में आईपीओ से पहले काफी उठापटक हो रही है। कंपनी के 2 टॉप एग्जीक्यूटिव ने इस्तीफा दे दिया है। बेंगलूरु की कंपनी अगले साल की शुरुआत में आईपीओ लाने जा रही है। लेकिन इससे पहले पिछले एक हफ्ते में कंपनी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर गौरव पोरवाल और चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर स्वयं सौरभ इस्तीफा दे चुके हैं। ओला के को फाउंडर और सीईओ भाविश अग्रवाल ने कंपनी के कर्मचारियों को भेज इंटरनल ईमेल में इन अधिकारियों की इस्तीफे को रिस्ट्रक्चरिंग का हिस्सा बताया है। अग्रवाल ने कहा कि हम ओला में अगले चरण की ग्रोथ में जा रहे हैं और इसलिए अपने ऑर्गनाइजेशन में कुछ अहम अपडेट कर रहे हैं। इससे हमें आगे आने वाले अवसरों को भुनाने में मदद मिलेगी। अग्रवाल ने कहा गौरव पिछले साल से मोबिलिटी बिजनस चला रहे थे और उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय में मजबूत नींव रखी है। वह ओला छोड़कर जा रहे हैं। पोरवाल 2019 में ओला से जुड़े थे। इस दौरान उन्होंने कंपनी में कई जिम्मेदारियां निभाई।इसमें ओला डिलिवरी और ओला फूड्स शामिल है। पिछले साल नवंबर में उन्हें कंपनी का सीओओ बनाया गया था। सौरभ अप्रैल में कंपनी के सीएफओ बने थे। उन्हें फाइनेंस में 2 दशक से भी अधिक समय का अनुभव है। इससे पहले वह हिंदुस्तान जिंक और फिलिप्स में सीएफओ रह चुके हैं। साथ ही उन्होंने कुछ समय एशियन पेंट्स और एलएंडटी में भी काम किया। ओला अगले साल की शुरुआत में आईपीओ ला सकती है। इसके जरिए कंपनी 1.5 से 2 अरब डॉलर जुटा सकती है।

# अवैध परिवहन करते लकड़ी से भरा ट्रक किया जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार



**भिण्ड।** एनएच-719 पर मंगलवार सुबह वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बांस की बल्लियों से भरे एक एक का पकड़ा। साथ ही कार्रवाई के दौरान टीम ने ड्राइवर को गिरफ्तार किया। वन विभाग अधिकारी उदय सिंह भदौरिया ने बताया कि मंगलवार सुबह 9 बजे उप्र के बरेली शहर से बांस की बल्लियां लेकर आ रहे ट्रक को फूप नाके पर नाका प्रभारी भूपसिंह तोमर ने रोका, लेकिन ड्राइवर ने ट्रक न रोकते हुए भिंड तरफ भगाकर ले जाने लगा। जिसके बाद नाका प्रभारी भूप सिंह ने इस बात की सूचना वन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी सतेंद्र सिंह कुशवाह को दी। जिसके बाद वन विभाग टीम ने ट्रक का पीछा करते हुए नेशनल हाईवे 719 ;ग्राम कनकूरा और डिड़ी के बीच ट्रक को रोक लिया। जिसके बाद ड्राइवर आदित्य कुमार जाटव से वैध दस्तावेज के बारे में पूछताछ की तो कुछ नहीं बता पाए। अमले ने ट्रक को जब्त करते हुए ड्राइवर को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में उड़नदस्ता प्रभारी सतेंद्र सिंह कुशवाह, हरी सिंह भदौरिया, मनोजसिंह भदौरिया, सुभाष जाटव की भूमिका रही।

## हारजीत का दांव लगा रहे 8 जुआरी गिरफ्तार, एक भागने में हुआ कामयाब

### जुआ के फड से 1 लाख 30 हजार रुपये नगदी व कुछ मोबाइल हुए बरामद

**भिण्ड।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के वीरेन्द्र नगर में लंब समय से जुआ का फड संचालित हो रहा था, जिसकी सूचना मुखबिर जरिए पुलिस को मिलते ही दलबल के साथ दबिश देकर घेराबंदी करते हुए 8 जुआरियों को दबोचकर हिरासत में लिया वहीं एक जुआरी मौका पाकर भागने में कामयाब हो गया। पुलिस ने जुआरियों के पास से एक ताश की गडड्डी व एक लाख रुपये अधिक नगदी बरामद की। पुलिस ने उक्त जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार दोपहर लगभग 3 बजे क्षेत्र के वीरेन्द्र नगर में जुआरियों का जमघट लगा हुआ था, जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही घेराबंदी करते हुए मौके से राजेशसिंह भदौरिया पुत्र मेहताबसिंह भदौरिया निवासी वीरेन्द्र नगर, सोनू शर्मा पुत्र रामजीलाल शर्मा निवासी सरोज नगर, राजू जाटव पुत्र लक्ष्मण जाटव निवासी भवानीपुरा नाले के पास, मनीष कुमार पुत्र शुभाषचन्द्र गांधी निवासी धर्मपुरी विनोद डेरी वाली गली, अजय शर्मा पुत्र दामोदर शर्मा मीरा कॉलोनी, नकुल भदौरिया पुत्र देवदत्तसिंह भदौरिया निासी भारौली रोड धर्म नगर, मुकेश सोनी, पुत्र ब्रजकिशोर सोनी निवासी मीरा कॉलोनी, भालू पुत्र ब्रजेन्द्रसिंह जोशी नगर, राजपालसिंह भदौरिया निवासी वीरेन्द्र नगर को हिरासत में लिया। पुलिस ने जुआरियों के पास से एक ताश की गडड्डी व एक लाख रुपये अधिक नगदी बरामद की। पुलिस ने उक्त जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## सर्प दंश से एक किशोर व महिला की मौत

### मायके में महिला हुई सर्पदंश की शिकार, परिजन कराते रहे झाड फूंक, इधर इकलौते बेटे ने तोड़ा

**भिण्ड।** पिछले 24 घंटे में सर्पदंश के पीड़ित होकर एक महिला और एक सात वर्षीय बालक ने दम तोड दिया। महिला अपने मायके आाई हुई थी। वहीं बालक अपने घर में ही था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मिहोना थाना क्षेत्र ग्राम दौलतपुरा में नवदुर्गा उत्सव के दौरान जवारे कार्यक्रम था। चौक मोहल्ला दबोह में रहने वाली महिला रागिनी पत्नी जीतेंद्र दौहरे उम्र 25 वर्ष अपने पति और बच्चों के साथ मायके में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने गई थी। महिला के मायके में बड़ी तादाद में नाते-रिश्तेदार भी आए थे। 18-19 अक्टूबर की रात को महिला परिजनों के साथ जमीन पर सो रही थी। इस दौरान कही एक सांप आया। सोते समय रात एक बजे महिला पर सांप ने हमला कर दिया। सोते में सांप द्वारा हमला किए जाने पर महिला जागी तो उसने परिजनों को बताया। इसके बाद गांव के लोगों द्वारा सर्पदंश से पीडित होने पर स्थानीय देवता का बंध लगाया। रात में समय बारिश होने के कारण महिला वो उसे अस्तपाल नहीं ले गए। सुबह करीब चार बजे महिला की हालत बिगडी। इसके बाद परिजन झाड फूंक कराने के लिए पहले दबोह के पास छिवावली गांव ले गए। यहां महिला ठीक नहीं हुई इसके बाद परिजन लहार के पास विजपुरा गांव ले गए। यहां पर भी हालत में सुधार नहीं हो सका। इसके बाद परिजनों ने दो से तीन जगह से झाड फूंक करने वाले ओझा-तांत्रिकों को बुलाया। इसके बाद जब महिला ने बीच तो परिजनों ने पुलिस को सूचना की। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया। इधर अमायन थाना क्षेत्र के कछार गांव में 7 वर्षीय बालक कृष्णा पुत्र कमलेश कुशवाह पर सर्प दंश का शिकार हुआ। बालकए घर की बाथरूम में गया था। यहां पहले से ही सांप मौजूद था। यह बालक अपने माता.पिता का इकलौता बेटा था। संर्पदंश से पीडित बालक की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। अमायन पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाल्मीक समाज के बीच जाकर धूमधाम से मनाई बाल्मीकि जयंती



**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी द्वारा बुधवार को बाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक 4 स्थित अयोध्या बस्ती के सामुदायिक भवन में वाल्मीकि जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष दलवीर सिंह तोमर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी कार्यकर्ताओं ने आदि ऋषि वाल्मीकि जी की प्रतिभा पर पुष्प एवं माला पहनाकर पूजा अर्चना की ।इसके बाद उपस्थित वाल्मीकि समाज के भाइयों के बीच मुख्य अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष दलवीर सिंह तोमर ने कहा के आदि ऋषि बाल्मीकि सामाजिक समरसता के जनक थे आज देश में हर समाज उन्हें अपना पूर्वज मानता है ब्राह्मण समाज उन्हें ऋषि पुत्र मानता है तो तो वन क्षेत्र में मान्यता है कि वे भील वनवासी समाज में जन्मे हैं इस प्रकार हम कह सकते है कि बो सर्व समाज के जनक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा कि आज हम ऐसे राष्ट्र ऋषि की जयंती मना रहे हैं जिसने हमें रामायण जैसा महाकाव्य दिया जो हमें जीवन जीने की कला सिखाता है आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आज जहां वाल्मीकि जयंती पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए हैं एवं आज का अवकाश भी रखा है इसके लिए हम प्रदेश सरकार के मुखिया को धन्यवाद देते हैं महर्षि बाल्मिकी जी की मान्यता भारत के लगभग सभी समाज जनों में है वे संसार के आदि कवि हैं वे भारत में सामाजिक एकत्र और समरसता के प्रतीक है उन्होंने अपने व्यक्तित्व और अपने कृतित्व से संपूर्ण समाज और भूभाग को एक सूत्र में पिरोया वे सबके लिए आदर्श थे कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री निर्मला आर्य एवं अंत में आभार प्रकट युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नीरज यादव ने किया कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित जनों को मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक पूर्व मंडल अध्यक्ष दलबीर सिंह तोमर, निर्मल आर्य, दिनेश यादव, नीरज यादव, मुकेश भदोरिया, अरविंद जैन, संतीश बाल्मीक, मुकेश बाल्मीक शिशुपाल बाल्मीकि, सुरेन्द बाल्मीकि, तुलसी बाल्मीकि आदि उपस्थित थे।

## एमपी ऑनलाइन पोर्टल कियोस्क एवं लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से भी कर सकते हैं आवेदन

### एमपी भू-अभिलेख की वेबसाइट पर स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर प्राप्त कर सकते हैं खसरा, बी-1, नक्शा, आदेश एवं अधिकार अभिलेख की प्रतिलिपि

**भिण्ड ।** अब नागरिक एमपी भू-अभिलेख की वेबसाइट पर स्वयं रेजिस्ट्रेशन करा अथवा एमपी ऑनलाइन पोर्टल कियोस्क एवं लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से खसरा की प्रतिलिपि, बी-1 की प्रतिलिपि, नक्शा की प्रतिलिपि, खसरा की प्रतिलिपि (खाते के समस्त), खातावार खसरा की प्रतिलिपि, आदेश की प्रतिलिपि, अधिकार अभिलेख की प्रतिलिपि के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके उपरांत डिजीटली हस्ताक्षरित दस्तावेज भी नागरिक डाउनलोड बटन क्लिक कर प्राप्त कर सकते हैं। इसके अंतर्गत प्रमाणित एवं अप्रमाणित दोनों प्रकार की प्रतिलिपि प्राप्त की जा सकती है। प्रमाणित प्रतिलिपि के लिए शुल्क है जिसका ऑनलाइन भुगतान विभिन्न माध्यमों से किया जा सकता है, अप्रमाणित प्रतिलिपि निःशुल्क है। प्रमाणित प्रतिलिपि अंतर्गत सभी भूमि रिकॉर्ड डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित हैं जो नागरिकों को वित्तीय लेनदेन, भूमि रजिस्ट्री, बैंक, प्ळत् और अन्य राजस्व विभाग कार्य में उपयोगी होंगे। ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु सर्व प्रथम पर विकल्प के माध्यम से पंजीयन करना होगा जिसके पश्चात आपको यूजर आइ.डी. एवं पासवर्ड उपलब्ध होगा जिसका उपयोग कर लॉगिन करने के पश्चात खसरा की प्रतिलिपि, बी-1 की प्रतिलिपि, नक्शा की प्रतिलिपि, खसरा की प्रतिलिपि (खाते के समस्त), खातावार खसरा की प्रतिलिपि, आदेश की प्रतिलिपि, अधिकार अभिलेख की प्रतिलिपि के लिए विकल्प का चयन कर आवेदन दर्ज किया जा सकता है।

## महिला मण्डल के द्वारा धूमधाम से कराया टेसू-झेंझी का विवाह



**भिण्ड।** बुधवार को नबादा बाग बड़े हनुमान मंदिर में महिला मण्डल द्वारा टेसू-झेंझी का विवाह धूमधाम से कराया गया। महिला मण्डल के द्वारा पांच सौ से अधिक लोगों का आमंत्रण कर उन्हें सहभोज भी कराया। यह सच है शहर के तमाम मोहल्लों में टेसू-झेंझी का खेल कुछ घरों तक सिमट कर रह गया। वहीं पुरातन परंपरा से जुड़े लोगों में यह संस्कृति नजर आई। महिला मण्डल में उपस्थित महिलाओं ने बच्चों सहित टेसू झेंझी के विवाह की परंपरा निभाई, भजन, गीत, सांस्कृति कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर महिला मण्डल गिरजा देवी, ममता श्रीवास्तव, सरोज शर्मा, रेखा यादव, सरिता तोमर, मालती सोनी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रही। वहीं शहर के अन्य कई मोहल्लों में भी टेसू-झेंझी का विवाह संपन्न हुआ और भण्डारा के आयोजन किये गये। देर रात तक गूंजती रही आतिशबाजी टेसू-झेंझी के विवाह के साथ शरद पूर्णिमा पर देर रात तक आतिशबाजी की गूंज भी गूंजती रही। देर रात तक मोहल्लों में युवाओं ने आतिशबाजी से आसमां को भी रंगीन किया।

## पुलिस ने बलारपुरा में लगे जुआ के फड़ पर दविश, पाँच जुआरी पकड़े, दो भागे

### अटेर - एक बाइक, चार मोबाइल, बारह हजार रूपये किये

**भिण्ड।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे तथा अटेर एसडीओपी सुरेन्द्र तोमर के मार्गदर्शन में जुआरियों के विरूद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत अटेर पुलिस ने बलारपुरा में खिल रहे जुआ के फड़ पर दविश देकर पाँच जुआरियों को धर दबोचा। अटेर था ने में पदस्थ्य सब इस्पेक्टर अतुल सिंह भदौरिया से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बलारपुरा में जुआ का फड़ लगे होने की सूचना मुखबिर के जरिये प्राप्त हुई, तभी दल-बल के साथ मुखबिर के बताये गये पॉइन्ट पर दविश दी जहाँ पाँच जुआरी जिनमें शिखावत अल्ली पुत्र मुरादी झा निवासी बलारपुरा, नागेन्द्र पुत्र राजवीर यादव कटेलन का पुरा, वीरेन्द्र पुत्र सरमन सिंह लोधी निवासी बलारपुरा, करू पुत्र शिवचरण शर्मा निवासी जम्होरा एवं संतोष निवासी रामप्रकाश शर्मा निवासी बलारपुरा को घटना से गिरफ्तार कर लिया तथा दो मौके से भाग जाने में सफल रहे। पुलिस ने फड़ की तलाशी तो बाहर हजार रूपये की नगदी तथा एक ताश की गड्डी व एक मोटरसायकिल, तथा चार मोबाइल जब्त किये गये। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ कर दी है।

## राज्य निर्वाचन आयुक्त पंचायत चुनाव की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर्स से करेंगे चर्चा

**भिण्ड ।** राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2021 की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर्स एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ 21 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करेंगे।

## क्षत्रिय समाज सुधार संघ का दशहरा मिलन समारोह 24 को

**गोरमी।** क्षत्रिय समाज सुधार संघ गोरमी का दशहरा मिलन समारोह 24 अक्टूबर रविवार दोपहर 12 बजे केपी सिंह भदौरिया के प्लांट सुनारपुरा चौराहे पर आयोजित किया गया है जिसमें क्षत्रिय समाज के सभी राजनेताओं समाजसेवियों एवं अन्य लोगों को आमंत्रित किया गया है यह जानकारी क्षत्रिय समाज सुधार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जगमोहन सिंह भदौरिया ने दी।

## रंगदारी के चलते तोड़ा गाड़ी का कांच

**भिण्ड।** आलमपुर थाना क्षेत्र के घर के सामने खड़ी गाड़ी का कुछ लोगों ने रंगदारी के चलते गाली-गलौज कतरे हुए मारपीट कर दी और गाड़ी का कांच तोड़ दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## सट्टे की पर्ची के साथ युवक गिरफ्तार

**भिण्ड।** अटेर थाना क्षेत्र के शासकीय स्कूल के पास एक युवक सट्टे की पर्चियां लिख रहा था, जिसकी सूचना मिलते ही दबोचकर हिरासत में लिया और आरोपी के पास से पर्ची जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह 7.50 बजे रामनरेश कुशवाह निवासी परा जो शासकीय स्कूल के पास सट्टे की पर्चियां लिख रहा था, जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने दबोच लिया और आरोपी की तलाशी ली गई तो उसक`पास से 10 सट्टे की पर्ची व 950 रुपये की नगदी जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## महिला के साथ छेड़छाड़, युवक पर मामला दर्ज

भिण्ड। मेहगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गिंगरखी में एक महिला के साथ उसी गांव निवासी एक युवक ने छेड़छाड़ कर वारदात को अंजाम दे दिया और मौके से फरार हो गया। महिला ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस के अनुसार 52 वर्षीय महिला निवासी गिंगरखी ने बताया रविवार दोपहर 3.30 बजे आरोपी बुद्धेसिंह निवासी गिंगरखी ने उसके साथ छेड़छाड़ कर दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## कांग्रेस अकेली ऐसी पार्टी है जो सर्वधर्म के महापुरूषों का आदर करती है : सोपत जाटव

### कांग्रेस ने महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर किया नमन



**भिण्ड।** महर्षि बाल्मीकि के जीवन दर्शन की यह विशेषता है कि उन्होने समानता के उच्च आदर्शों को स्थापित किया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी भी उसी समानता के उच्च आदर्शों पर चले और अंग्रेजों को देश छोड़ने पर विवश कर दिया था। कांग्रेस ही एक मात्र ऐसी पार्टी हैं जो सभी धर्मों एवं उनके महापुरषों का आदर करती हैं ये बात कांग्रेस कार्यालय बीटीआई रोड पर जिला कांग्रेस पर आयोजित महाकवि महर्षि बाल्मीकि की जयंती पर पूर्व विधायक सोपत जाटव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि के रूप में कही। बुधवार को जिला कांग्रेस मुख्यालय में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ईरशाद अहमद की अध्यक्षता में मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई। पूर्व विधायक श्याम सोपत जाटव ने महर्षि बाल्मीकि को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कांग्रेस सदैव महापुरूषों, ऋषियों, मनीषियों के आदर्शों पर चलती रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ईरशाद अहमद ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि एक महान ऋषि और महामानव थे। उनके द्वारा बताये रास्ते पर चलकर ही देश व समाज आगे बढ़ सकता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नगर अध्यक्ष संजय भूता ने कहा महर्षि वाल्मीकि ने समानता के उच्च आदर्शों को स्थापित किया। उन्होंने कहा कि महापुरूषों को इसलिए याद किया जाता है ताकि उनसे प्रेरणा लेकर सच्चाई के मार्ग पर आगे बढ़ें। हर समय में समाज में काल परिस्थितियों में महामानव ने जन्म लिया है जिससे भारतीय संस्कृति सभ्यता में मानवता का उद्भव हुआ। कार्यक्रम के पश्चात बाल्मीक समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रदेश सचिव गुड्डू बाल्मीक का माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव गुड्डू बाल्मीक,चंद्रपाल सिंह परिहार, आशुतोष शर्मा, विवेक पचौरी, ब्रजेन्द्र सिंह कल्लू, बलराम जाटव, राजबीर बघेल, कुलदीप भारद्वाज, अरविंद सोनी, गोविंद शाक्य, योगेश शाक्य, जितेंद्र वर्मा, राजवीर खन्ना, दर्शन सिंह तोमर, अशोक गुप्ता, रवि अर्गल, शिवम त्रिपाठी, सोहन तिवारी, सोपात सिंह जाटव पूर्व विधायक, भगीरथ सिंह कुशवाह, रूपेश पाथरे, राजेन्द्र खरे,जितेंद्र जाटव आदि उपस्थित थे।

## केक काटकर मनाया बृजेन्द्र का जन्मदिन



**भिण्ड।** जिला पंचायत अमायन से व मेहगांव विधानसभा से समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़े ब्रजेंद्र सिंह उर्फ कल्लू भारौली (खरिका)का ईष्ट मित्रों व उनके शुभचिंतकों ने शहर के श्रीराम गिर्राज बुटीक मॉल में धूमधाम से केक काटकर बर्थडे मनाया। इस खुशी के मौके पर मॉल मालिक सहित नरेश सिंह परमार, रामेंद्र सिंह दद्दा, देवेंद्र भारद्वाज, चंद्रभानसिंह उर्फ मंजू भारौली, नारायण भारौली, जीवनसिंह भदौरिया डोंगरपुरा, विक्रांत परमार, रंजीतसिंह, आरती, लाली, प्रिया राजावत, जया और लक्ष्मी राजावत आदि लोग उपस्थित रहे।

## सुरक्षा दावों पर सवाल

जम्मू कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ अभियान जारी है, फिर भी आतंकी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। कश्मीर में आम नागरिकों पर लगातार हो रहे आतंकी हमलों ने एक बार फिर सुरक्षा दावों पर सवालिया निशान लगा दिया है। लेकिन इन हमलों का एक दूसरा पहलू है, जिसमें आतंकियों की हताशा साफ नजर आती है। इस बात को सरकार ने भी स्वीकार किया है कि 18 दिनों में बारह लोग आतंकी हमलों में मारे जा चुके हैं, जिनमें दस गैर-मुसलिम हैं। जबकि इस साल जनवरी से सितंबर तक बीस आम नागरिक आतंकी हमलों के शिकार हुए थे। यानी इस महीने आतंकी घटनाओं में अचानक से तेजी आई है। कुलगाम में रविवार को दो और मजदूरों की हत्या कर दी गई। ये दोनों बिहार से काम-धंधे के लिए यहां आए थे। इसके ठीक एक दिन पहले भी आतंकियों ने दो कामगारों को मार डाला था। ये भी उत्तर प्रदेश और बिहार के रहने वाले थे। इन हत्याओं की जिम्मेदारी यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट (यूएलएफ) नाम के आतंकी संगठन ने ली है। बढ़ते आतंकी हमले बता रहे हैं कि घाटी में आतंकी संगठनों का जाल पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा मजबूत हुआ है। कश्मीर के ताजा हालात की जानकारी गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी है। सेना प्रमुख नरवणे खुद कश्मीर पहुंच कर सुरक्षा का जायजा लिया है। दिल्ली से कश्मीर तक सरकार एक्टिव है और आतंकियों के मंसूबों को ध्वस्त करने का इंतजाम कर रही है। इस बार आतंकी संगठनों ने आम लोगों को मार कर दहशत फैलाने की रणनीति अपनाई है। जिस तरह लोगों का परिचय पत्र देख कर उन्हें मारा जा रहा है, उसका मकसद गैर-कश्मीरियों और गैर-मुसलिमों के भीतर खौफ पैदा करना है। इससे तो लग रहा है कि जैसे नब्बे के दशक में कश्मीरी पंडितों को घाटी छोड़ने को मजबूर होना पड़ गया था, वैसे ही अब कहीं प्रवासी कामगारों को भी घाटी छोड़ने को मजबूर न होना पड़ जाए। घाटी में करीब पांच लाख प्रवासी श्रमिक हैं जो निर्माण संबंधी गतिविधियों से लेकर खेती व अन्य स्थानीय उद्योगों में काम करते हैं। रेहड़ी-पटरी वाले काम-धंधों में लगे प्रवासियों की तादाद भी कम नहीं है। ऐसे में अगर बड़ी संख्या में कामगार अपने राज्यों में लौटने लगे तो कश्मीर की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। कश्मीर की अर्थव्यवस्था में पर्यटन पर टिकी है। अगर इसी तरह आतंकी हमले होते रहे तो लोग क्यों जान जोखिम में डाल कर कश्मीर घूमने जाएंगे? घाटी में लगातार हो रहे आतंकी हमलों को हताशा में किए गए हमले बता कर या सिर्फ पाकिस्तान पर ठीकरे फोड़ कर पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता। अगर सेना के आतंकवाद निरोधी अभियानों के बावजूद आतंकी सरेआम हत्याएं करने में कामयाब हो रहे हैं, तो यह कहीं न कहीं सुरक्षा संबंधी रणनीति पर सवाल खड़े करने वाली बात है। इस वक्त सबसे जरूरी है कि सरकार तत्काल ऐसे कदम उठाए जिससे प्रवासियों के भीतर पनपा असुरक्षा का भाव खत्म हो और उन्हें घर लौटने को मजबूर न होना पड़े। हालांकि केंद्र सरकार दावा करती आई है कि अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी कर दिए जाने बाद से वहां आतंकवाद पर लगाम लगी है और आतंकी संगठनों की कमर टूटी है। बचे-खुचे आतंकियों के खात्मे के लिए सेना और सुरक्षाबल अभियान चला रहे हैं। पर जिस तरह से आतंकी संगठन सिर उठा रहे हैं, उसे देख कर कौन कहेगा कि आतंकी संगठनों की कमर टूट चुकी है? यह नहीं भूलना चाहिए कि पिछले साल भी घाटी में आतंकियों ने राजनीतिक दलों के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को चुन-चुन कर निशाना बनाया था। तब भी डर के मारे में कई लोगों ने राजनीति से तौबा कर ली थी।

## बेहतर भविष्य का द्योतक है खाद्य सुरक्षा

**डॉ.शंकर सुवन सिंह**

सुरक्षित भोजन और सुनहरा भविष्य

विश्व भर में,हर वर्ष 60 करोड़ लोग अस्वच्छ और असुरक्षित भोजन के सेवन से बीमारी का शिकार होते हैं और चार लाख से अधिक लोगों की मौत होती है। स्वच्छ एवँ सुरक्षित भोजन,बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और भुखमरी का अन्त करने के लिये अहम है। हम जो भोजन चुनते हैं और जिस तरह से हम उसका सेवन करते हैं,वह हमारे स्वास्थ्य और हमारे ग्रह के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। कृषि-खाद्य प्रणालियों के काम करने के तरीके पर इसका प्रभाव पड़ता है। जीवन जीने के लिए खाद्य पदार्थों की मूलभूत आवश्यकता होती है। वर्ष 2021 विश्व खाद्य दिवस की थीम है-÷स्वस्थ कल के लिए अब सुरक्षित भोजन÷(सेफ फ़ूड नाउ फॉर ए हेल्थी टुमारो। आहार शुद्ध और पौष्टिक होना चाहिए। सुरक्षा का तात्पर्य है खतरे की चिंता से मुक्ति। खाद्य सुरक्षा का तात्पर्य है-खाद्य की कमी के खतरे की चिंता से मुक्ति। खाद्य सुरक्षा का मतलब है समाज के सभी नागरिकों के लिए जीवन चक्र में पूरे समय पर्याप्त मात्रा में ऐसे विविधतापूर्ण भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित होना,यह भोजन सांस्कृतिक तौर पर सभी को मान्य हो और उन्हें हासिल करने के समुचित माध्यम गरिमामय हों। खाद्य सुरक्षा की इकाई देश भी हो सकता है,राज्य भी और गाँव भी। खाद्य सुरक्षा की अवधारणा व्यक्ति के मूलभूत अधिकार को परिभाषित करती है। अपने जीवन के लिये हर किसी को निर्धारित पोषक तत्वों से परिपूर्ण भोजन की जरूरत होती है। महत्वपूर्ण यह भी है कि भोजन की जरूरत नियत समय पर पूरी हो। किसी क्या खूब कहा है-भूखे भजन न होए गोपाला! पहले अपनी कंठी माला। भूखे पेट तो ईश्वर का भजन भी नहीं होता है। फिर विकास की बात सोचना अपने को अंधेरे में रखने के सामान है। इसका एक पक्ष यह भी है कि आने वाले समय की अनिश्चितता को देखते हुए हमारे भण्डारों में पर्याप्त मात्रा में अनाज सुरक्षित हों, जिसे जरूरत पड़ने पर तत्काल जरूरतमंद लोगों तक सुव्यवस्थित तरीके से पहुचाया जाये। भोजन का अधिकार एक व्यक्ति का बुनियादी अधिकार है। केवल अनाज से हमारी थाली पूरी नहीं बनती है। अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए हमें विविधतापूर्ण भोजन (अनाज, दालें, खाने का तेल, सब्जियां, फल, अंडे, दूध, फलियाँ, गुड़ और कंदमूलों)की हर रोज़ जरूरत होती है ताकि कार्बोहायड्रेट, वसा, प्रोटीन आदि पोषक तत्वों की जरूरत को पूरा किया जा सके। भोजन का अधिकार सुनिश्चित करने में सरकार की सीधी भूमिका है क्योंकि अधिकारों का संरक्षण नीति बना कर ही किया जाता है और सरकार ही नीति बनाने की जिम्मेदारी निभाती है। यदि यह विविधता न हो तो हमारा पेट तो भर सकता है,परन्तु पोषण की जरूरत पूरी न हो पाएगी। सामान्यतः केवल गरीबी ही भोजन के अधिकार को सीमित नहीं करती है;लैंगिक भेदभाव और सामाजिक बहिष्कार के कारण भी लोगों के भोजन के अधिकार का हनन हो सकता है। पीने के साफ़ पानी,स्वच्छता और सम्मान भी भोजन के अधिकार के हिस्से हैं। हाल के अनुभवों ने सिखाया है कि राज्य के अनाज गोदाम इसलिये भरे हुए नहीं होना चाहिए कि लोग उसे खरीद पाने में सक्षम नहीं हैं। इसका अर्थ है कि सामाजिक सुरक्षा के नजरिये से अनाज आपूर्ति की सुनियोजित व्यवस्था होना चाहिए। यदि समाज की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित रहेगी तो लोग अन्य रचनात्मक प्रक्रियाओं में अपनी भूमिका निभा पायेंगे। इस परिप्रेक्ष्य में सरकार का दायित्व है कि बेहतर उत्पादन का वातावरण बनाये और खाद्यान्न के बाजार मूल्यों को समुदाय के हितों के अनुरूप बनाये रखे। खाद्य सुरक्षा रूपी मकान के चार प्रमुख स्तम्भ हैं- 1.भोजन की उपलब्धता,2.भोजन की पहुँच,3.भोजन का सदुपयोग,4.भोजन की स्थिरता। यह स्तम्भ खाद्य सुरक्षा को गति और सही दिशा देते हैं 7 मकान और स्तम्भ दोनों का आधार पोषण है। कहने का तात्पर्य बिना पोषण के खाद्य सुरक्षा का कोई मतलब नहीं है। पोषण की सुरक्षा एक ऐसी स्थिति है जब सभी लोग हर समय पर्याप्त और जरूरी मात्रा में गुणवत्तापूर्ण भोजन का वास्तव में उपभोग कर पाते हों। जीवन को सक्रीय और स्वस्थ रूप से जीने के लिए जरूरी इस भोजन में विभिन्नता,विविधता,पोषण तत्वों मौजूदगी और सुरक्षा भी निहित हो। खाद्य सुरक्षा के व्यावहारिक पहलू निम्नवत हैं- उत्पादन- यह माना जाता है कि खाद्य आत्मनिर्भरता के लिए उत्पादन में वृद्धि करने के निरन्तर प्रयास होते रहना चाहिए। इसके अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था के अनुरूप नई तकनीकों का उपयोग करने के साथ-साथ सरकार को कृषि व्यवस्था की बेहतरी के लिये पुनर्निर्माण की नीति अपनाना चाहिए। वितरण- उत्पादन की जो भी स्थिति हो राज्य के समाज के सभी वर्गों को उनकी जरूरत के अनुरूप अनाज का अधिकार मिलना चाहिए। जो सक्षम है उसकी क्रय शक्ति बढ़ाने के लिए आजीविका के साधन उपलब्ध होना चाहिए और जो वंचित एवं उपेक्षित समुदाय हैं(जैसे- विकलांग,वृद्ध,विधवा महिलायें,पिछड़ी हुई आदिम जनजातियां आदि)उन्हें सामाजिक सुरक्षा की अवधारणा करवाना राज्य का आधिकार है। आपाताकालीन व्यवस्था में खाद्य सुरक्षा समय की अनिश्चितता उसके चरित्र का सबसे महत्वपूर्ण है। प्राकृतिक आपदायें समाज के अस्तित्व के सामने अक्सर चुनौतियां खड़ी करती हैं। ऐसे में राज्य यह व्यवस्था करता है कि आपात कालीन अवस्था (जैसे- सूखा,बाढ़ या चक्रवात)में प्रभावित लोगों को भुखमरी का सामना न करना पड़े। खाद्य सुरक्षा के तत्व-उपलब्धता-प्राकृतिक संसाधनों से खाद्य पदार्थ हासिल करना- सुसंगठित वितरण व्यवस्था,पोषण आवश्यकता को पूरा करना,पारम्परिक खाद्य व्यवहार के अनुरूप होना,सुरक्षित होना,उसकी गुणवत्ता का मानक स्तर का होना।

1.आर्थिक पहुंच- यह सुनिश्चत होना चाहिए कि खाद्यान्न की कीमत इतनी अधिक न हो कि व्यक्ति या परिवार अपनी जरूरत के अनुरूप मात्रा एवं पोषण पदार्थ का उपभोग न कर सके। स्वाभाविक है कि समाज के उपेक्षित और वंचित वर्गों के लिये सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के जरिये खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराई जाना चाहिए। 2.भौतिक पहुंच- इसका अर्थ यह है कि पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न हर व्यक्ति के लिये उसकी पहुंच में उपलब्ध होना चाहिए। इस सम्बन्ध में शारीरिक-मानसिक विकालांगों एवं निराश्रित लोगों के लिए पहुंच को सुगम बनाना जरूरी है। मानव अधिकारों की वैश्विक घोषणा(1948)का अनुच्छेद 25(1)कहता है कि हर व्यक्ति को अपने और अपने परिवार को बेहतर जीवन स्तर बनाने, स्वास्थ्य की स्थिति प्राप्त करने का अधिकार है जिसमें भोजन,कपड़े और आवास की सुरक्षा शामिल है। खाद्य एवं कृषि संगठन(एफ.ए.ओ.)ने 1965 में अपने संविधान की प्रस्तावना में घोषणा की कि मानवीय समाज की भूख से मुक्ति सुनिश्चित करना उनके बुनियादी उद्देश्यों में से एक है। समानता और सम्मानजनक व्यवहार एक बुनियादी शर्त है। जब रिश्ते बेहतर होते हैं तो समस्याओं को हल करना बहुत आसान हो जाता है।

**खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून,नियम एवं संगठन कुछ इस प्रकार हैं -**

1.अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य ), 2.इन्फोसान- यह एफएओ और डब्लूएचओ द्वारा सूचना विनिमय और सहयोग के लिए संयुक्त रूप से बनाया गया खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का अंतर्राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा नेटवर्क है।, 3.कोडेक्स अलीमेंटरियस कमीशन(सी.ए.सी.)- यह स्वास्थ्य संबंधी और पौष्टिक भोजन की गुणवत्ता(डब्ल्यू.एच.ओ और एफ.ए.ओ संयुक्त कार्यक्रम)से संबंधित वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर स्थापित वैश्विक मानक है।, 4.हजार्ड एनालिसिस एंड क्रिटिकल कंट्रोल पॉइंट सिस्टम(एच.ए.सी.सी.पी.)- यह एक प्रोसेस कंट्रोल सिस्टम है जो खाद्य उत्पादन प्रक्रिया में संभावित खतरों को पहचानता हैं और खतरों को होने से रोकने के लिए हरसंभव विकल्प बतलाता हैं।, 5.गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज/अच्छा निर्माण अभ्यास(जी.एम.पी.)- यह सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक न्यूनतम सेनेटरी और प्रसंस्करण आवश्यकताओं को दर्शाता है।, 6.फ़ूड रिकॉल- फ़ूड रिकॉल को आपूर्ति श्रृंखला से खाद्य पदार्थों(जो उपभोक्ताओं के लिए बिक्री,वितरण या उपभोग के दोरान सुरक्षा जोखिम पैदा कर सकते है)को हटाने के लिए की गई कार्रवाई के रूप में परिभाषित किया जाता है। यह खाद्य श्रृंखला के किसी भी स्तर पर बाजार से खाद्य पदार्थों को हटा सकता है,भले ही खाद्य पदार्थ उपभोक्ताओं तक पहुच चूका हो। शब्द ÷वापसी÷ का उपयोग व्यापक रूप से 'फ़ूड रिकॉल' के संबंध में किया जाता है।, 7.यूज़ बाय डेट/उपयोग-दर-दिनांक(सुझाई गई अंतिम उपभोग की तारीख या समाप्ति की तिथि)- यह वह अनुमानित अवधि है जिसके उपरांत उत्पाद की गुणवत्ता या तो नष्ट हो जाती है या काफी कम हो जाती है। इसका मतलब यह है कि उत्पाद की गुणवत्ता एवं उपभोक्ता के लिए उसकी उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए 'यूज़ बाय डेट' से पहले-पहले उत्पाद को प्रयोग में ले आना चाहिए।

8.एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण एवं खाद्य सुरक्षा/ वन हेल्थ एंड फ़ूड सेफ्टी- खाद्य सुरक्षा के लिए एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण अपनाकर मानव और पशु चिकित्सा सहित वन्यजीव और जलीय स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी समुदायों के साथ पौधे रोग विज्ञान समुदायों सहित कई स्वास्थ्य संबंधी क्षेत्रों से विशेषज्ञो और संसाधनों को एकीकृत कर उनके विचारो का समावेश करना एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण एवं खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत आता है।

नीति निर्माताओं द्वारा अनुसरण किये जाने वाले प्रयास-द्व)पर्याप्त भोजन प्रणाली और बुनियादी ढांचे का निर्माण और रखरखाव,द्वद्व)बहु-क्षेत्रीय सहयोग एवं सह्कार्यता (विशेष रूप से पशुपालन और कृषि क्षेत्रों में),द्वद्वद्व)खाद्य सुरक्षा को व्यापक खाद्य नीतियों और कार्यक्रमों में एकीकृत करना (विशेष रूप से पोषण और खाद्य सुरक्षा),द्व1)विश्व स्तर पर सोचें एवं स्थानीय रूप से कार्य करें- घरेलू स्तर पर निर्मित भोजन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षा को सुनिश्चित करना। खाद्य संचालकों और उपभोक्ताओं द्वारा अनुसरण किये जाने वाले प्रयास-द्व)भोजन की पर्याप्त जानकारी एवं ख़राब भोजन द्वारा होने वाली आम बीमारियों की पर्याप्त सुचना रखें,द्वद्व)डब्ल्यूएचओ द्वारा दी गयी।

## प्रधानमंत्री पोषण योजना और कुपोषण के भयावह होते आंकड़े...

**सोनम लववंशी**

वर्तमान दौर में हम वैश्विक स्तर पर कई मायनों में मजबूत बनकर उभरे हैं। फ़िर वह बात चाहें लीडरशिप की हो या फिर अर्थव्यवस्था की। जी हां हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरे नंबर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। वहीं खाद्यान्न उत्पादन के क्षेत्र में हम दुनिया में दूसरे स्थान पर आते है, लेकिन जब बात स्वास्थ्य और कुपोषण जैसे मुद्दों की होती है। फ़िर आंकड़े चौकाने वाले होते है। इतना ही नहीं कोविड महामारी ने कुपोषण की समस्या को ओर गम्भीर बना दिया है। हमारे देश में हर चौथा बच्चा कुपोषण का शिकार है। सरकार गाहे बगाहे कुपोषण को ख़त्म करने की बात तो करती है। पर स्थिति वही ढाक के तीन पात वाली ही रहती है। देश में कुपोषण कोई नया मुद्दा नहीं है। आए दिन कुपोषण की खबरें मीडिया जगत की सुर्खियां बनती है। सरकार भी कुपोषण को खत्म करने के लिए तमाम योजनाएं लागू करती है। लेकिन इन योजनाओं का धरातल पर कोई खास असर दिखाई नहीं देता है।

वहीं बात जब हम ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2020 की करें तो रिपोर्ट में भारत 107 देशों की सूची में 94 वें नम्बर पर है। जो बेहद ही गम्भीर बात हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने भी माना है कि देश में 9.3 लाख से भी अधिक बच्चें गम्भीर कुपोषित की श्रेणी में आते है। ऐसे में सोचिए कितनी अजीब बिडम्बना है कि एक तरफ हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े खाद्यान उत्पादक देश है लेकिन कुपोषण के आंकड़े कुछ और ही तस्वीर बयां करते है। हमारे देश में सितम्बर माह का पहला सप्ताह राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य लोगो को कुपोषण के प्रति जागरूक करना होता है। लेकिन यह सप्ताह मात्र कागज़ी कार्रवाई बनकर रह जाता है। धरातल पर इसका कोई खास असर नहीं दिखाई देता है। कोरोना महामारी ने लोगो को गरीबी के दलदल में धकेल दिया है। जिससे स्थिति और अधिक चिंताजनक बन गई है। बता दें कि भारत सरकार ने 2022 तक कुपोषण मुक्त भारत निर्माण के लिए राष्ट्रीय पोषण मिशन शुरू किया। मिड डे मील जैसी योजना लागू की जिससे स्कूली बच्चों के पोषण स्तर को सुधारा जा सके, लेकिन इन योजनाओं में खामियां रही और जिसे देखते हुए अभी हाल ही में केंद्र सरकार ने %प्रधानमंत्री पोषण योजना% शुरू करने का निर्णायक फैसला लिया है। गौरतलब हो कि इस योजना के माध्यम से गुणवत्ता युक्त शिक्षण के साथ साथ पोषण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ऐसा सरकार का कहना है। इतना ही नहीं इस योजना से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। इसलिए योजना के लिए केंद्र सरकार ने 1.31 लाख करोड़ रुपये खर्च करने की बात भी कही है। इस योजना का लाभ 8वीं क्लास तक के लगभग 12 करोड़ बच्चों को मिलने की बात कही जा रही है। अब ऐसे में सवाल यही उठता है कि क्या योजनाओं का नाम बदल देने मात्र से ही समस्या का रामबाण इलाज मिल जाएगा? एक साधारण सी बात है हमारे देश में आज़ादी के बाद कितनी ही योजनाओं के नाम बदले गए, लेकिन क्या नए नाम से शुरू हुई योजनाएं सफ़ल ही होंगी? इसकी कोई गारंटी है?

वहीं एक बात यह भी स्पष्ट है कि सिर्फ़ योजनाओं के निर्माण या नाम बदलने से सीरत और सूरत नहीं बदलती, बल्कि उन योजनाओं का क्रियान्वयन यह निर्धारित करता है कि वह योजना कितनी सफ़ल होगी। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही कि आख़िर नई पोषण योजना जो प्रधानमंत्री के नाम से जोड़कर शुरू की जा रही, क्या उसके क्रियान्वयन का कोई ठोस ढांचा तैयार किया गया है? या सिर्फ़ योजना का नाम बदलकर वाहवाही लूटने की तैयारी है? बता दें कि अभी हाल के दिनों में ही मध्यप्रदेश के श्योपुर से एक तस्वीर मीडिया जगत की सुर्खियां बनी थी। यह तस्वीर कुपोषण का दंश झेल रहे 2 वर्षीय बालक आकाश की थी। आकाश विजयपुर ब्लॉक से 45 किमी दूर शुकरवार गांव का रहने वाला है। इस बच्चें का वजन मात्र 4 किलो 700 ग्राम था जबकि डॉक्टरों का कहना था कि 2 साल के बालक का वजन 12 किलो होना चाहिए। सोचिए यह तो एकमात्र उदाहरण स्वरूप बच्चा है, जिसका सामान्य वज़न निर्धारित वज़न से काफ़ी कम है। फ़िर ऐसे में समझ सकते हैं कि हमारे देश में योजनाओं के एलान और धरातल पर कितना अंतर देखने को मिलता है।

## वैचारिक भ्रम का शिकार: वरुण गांधी

### सूडोकु नवताल- 5868

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल -5867 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

**निर्मल रानी**

भारतवर्ष में आपातकाल की घोषणा से पूर्व जब स्वर्गीय संजय गांधी अपनी मां प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी को राजनीति में सहयोग देने के मक़सद से राजनीति के मैदान में उतरे उस समय उन्होंने अपने जिस सबसे ख़ास मित्र को अपने विशिष्ट सहयोगी के रूप में चुना उस शख़्सियत का नाम था अकबर अहमद %डंपी%। डंपी के पिता इस्लाम अहमद उत्तर प्रदेश पुलिस में आई जी थे तथा दादा सर सुल्तान अहमद इलाहबाद हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश रह चुके थे। डंपी संजय गाँधी के सहपाठी होने के अतिरिक्त उनके %हम प्याला % और %हम निवाला% भी थे। संजय गाँधी के राजनीति में पदार्पण से पूर्व डंपी विदेश में नौकरी कर अपना कैरियर निर्माण कर रहे थे। परन्तु संजय गाँधी के निमंत्रण पर वे नौकरी छोड़ भारत वापस आये और स्वयं को संजय गाँधी व उनके परिवार के प्रति समर्पित कर दिया। वैसे तो संजय-डंपी की दोस्ती के तमाम क़िस्से बहुत मशहूर हैं परन्तु 1970-80 के दौर की मशहूर इन दो बातों से संजय-डंपी की प्रगाढ़ मित्रता का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। एक तो यह कि प्रधानमंत्री आवास में डंपी की पहुँच बिना किसी तलाशी के इंदिरा जी के बेडरूम व रसोई तक हुआ करती थी। दूसरी कहावत यह मशहूर थी कि जब संजय का बेटा (वरुण ) रोता था तो वह मां की नहीं बल्कि डंपी की गोद में चुप होता था।

संजय गाँधी के इकलौते पुत्र वरुण गाँधी का जन्म 13 मार्च 1980 को हुआ। जिस समय संजय गाँधी की दिल्ली में विमान हादसे में मृत्यु हुई उस समय वरुण की उम्र मात्र तीन वर्ष थी। इस हादसे के बाद नेहरू-गाँधी परिवार में सत्ता की विरासत की जंग छिड़ गयी। संजय गाँधी की धर्मपत्नी मेनका गाँधी बहुत जल्दबाज़ी में थीं। वह इंदिरागांधी से यही उम्मीद रखती थीं कि यथाशीघ्र उन्हें संजय गाँधी का राजनैतिक वारिस घोषित किया जाये जबकि इंदिरा जी पुत्र बिछोह के शोक में डूबी %वेट एंड वाच % की मुद्रा में थीं। नतीजतन मेनका की जल्दबाज़ी व अत्याधिक राजनैतिक महत्वाकांक्षा की सोच ने इंदिरा -मेनका यानि सास-बहू के बीच फ़ासला पैदा कर दिया। उस समय कांग्रेस पार्टी के किसी एक भी वरिष्ठ नेता ने इंदिरा गाँधी को छोड़ मेनका गाँधी का साथ देने का साहस नहीं किया। और उस समय भी राजनैतिक नफ़ा नुक़सान की चिंता किये बिना,अकबर अहमद %डंपी% ही एक अकेला ऐसा व्यक्ति था जिसने संजय गाँधी से उनके मरणोपरांत भी दोस्ती व वफ़ादारी निभाते हुए उनकी पत्नी के साथ खड़े होने का फ़ैसला किया। और मेनका गाँधी द्वारा गठित संजय विचार मंच के झंडे को उठाया। निश्चित रूप से डंपी का यह निर्णय राजनैतिक रूप से उनके लिये घाटे का फ़ैसला साबित हुआ।

सवाल यह है कि ऐसे धार्मिक सौहार्दपूर्ण संस्कारों में परवरिश पाने वाले वरुण गांधी को अचानक ऐसा क्या हो गया कि 7 मार्च 2009 को उनपर चुनावी सभा के दौरान भड़काऊ भाषण देने का आरोप लग गया ? उस समय उनके विरुद्ध पीलीभीत की अदालत में मुक़द्दमा दर्ज किया गया और मुक़द्दमा दर्ज होने के बाद वरुण को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत गिरफ़्तार भी किया गया ? उस समय वरुण गाँधी अपने इन्हीं दो विवादित बयानों के चलते रातोंरात भाजपा के फ़ायर ब्रांड नेता गिने जाने लगे थे। वरुण ने अपने लोकसभा चुनाव क्षेत्र पीलीभीत में एक जनसभा में कहा था कि - ÷ये हाथ नहीं है, ये कमल की ताक़त है जो किसी का सिर भी क़लम कर सकता है.÷ इसी तरह उनका दूसरा विवादित भाषण था कि - ÷अगर कोई हिंदुओं की तरफ़ हाथ बढ़ाता है या फिर ये सोचता हो कि हिंदू नेतृत्व विहीन हैं तो मैं गीता की क़सम खाकर कहता हूँ कि मैं उस हाथ को काट डालूंगा.÷ । अपने भाषण में वरुण ने महात्मा गांधी की उस अहिंसावादी टिप्पणी का भी मज़ाक़ उड़ाया व इसे %बेवक़ूफ़ी पूर्ण % बताया जिसमें गाँधी ने कहा था कि -%कोई अगर आपके गाल पर एक चांटा मारे तो आप दूसरा गाल भी उसके आगे कर दें % । वरुण का कहना था कि %उसके हाथ काट दो ताकि वो किसी दूसरे पर भी हाथ न उठा सके.÷ अपने भाषणों में वरुण गाँधी मुसलमानों के नामों का मज़ाक़ भी उड़ाते सुने गये। इसी तरह वरुण गाँधी की मां-मेनका गाँधी ने भी अपने सुल्तानपुर चुनाव क्षेत्र में कहा था कि %अगर मैं मुसलमानों के समर्थन के बग़ैर विजयी होती हूं और उसके बाद वे (मुसलमान )मेरे पास किसी काम के लिए आते हैं तो मेरा रवैया भी वैसा ही होगा। दरअसल नेहरू गाँधी परिवार और उनके पारिवारिक संस्कार क़तई ऐसे नहीं जहाँ अतिवाद या सांप्रदायिकता की कोई गुंजाइश हो।

## तालिबान: भारत की सही पहल

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

पिछले ढाई महिने से हमारी विदेश नीति बगले झांक रही थी। मुझे खुशी है कि अब वह धीरे-धीरे पटरी पर आने लगी है। जब से तालिबान काबुल में काबिज हुए हैं, अफगानिस्तान के सारे पड़ौसी देश और तीनों महाशक्तियाँ निरंतर सक्रिय हैं। वे कुछ न कुछ कदम उठा रही हैं लेकिन भारत की नीति शुद्ध पिछलग्गूपन की रही है। हमारे विदेश मंत्री कहते रहे कि हमारी विदेश नीति है– बैठे रहो और देखते रहो की! मैं कहता रहा कि यह नीति है– लेटो रहो और देखते रहो की। चलो, कोई बात नहीं। देर आयद, दुरुस्त आयद! अब भारत सरकार ने नवंबर में अफगानिस्तान के सवाल पर एक बैठक करने की घोषणा की है। इसके लिए उसने पाकिस्तान, ईरान, उजबेकिस्तान, ताजिकिस्तान, चीन और रूस के सुरक्षा सलाहकारों को आमंत्रित किया है। इस निमंत्रण पर मेरे दो सवाल हैं। पहला, यह कि सिर्फ सुरक्षा सलाहकारों को क्यों बुलाया जा रहा है? उनके विदेश मंत्रियों को क्यों नहीं? हमारे सुरक्षा सलाहकार की हैसियत तो भारत के उप-प्रधानमंत्री- जैसी है लेकिन बाकी सभी देशों में उनका महत्व उतना ही है, जितना किसी अन्य नौकरशाह का होता है। हमारे विदेश मंत्री भी मूलतः नौकरशाह ही हैं। नौकरशाह फैसले नहीं करते हैं। ये काम नेताओं का है। नौकरशाहों का काम फैसलों को लागू करना है। दूसरा सवाल यह है कि जब चीन और रूस को बुलाया जा रहा है तो अमेरिका को भारत ने क्यों नहीं बुलाया? इस समय अफगान-संकट के मूल में तो अमेरिका ही है। क्या अमेरिका को इसलिए नहीं बुलाया जा रहा है कि भारत ही उसका प्रवक्ता बन गया है? अमेरिकी हितों की रक्षा का ठेका कहीं भारत ने तो ही नहीं ले लिया है? यदि ऐसा है तो यह कदम भारत के स्वतंत्र अस्तित्व और उसकी संप्रभुता को ठेस पहुंचा सकता है। पता नहीं, पाकिस्तान हमारा निमंत्रण स्वीकार करेगा या नहीं? यदि पाकिस्तान आता है तो इससे ज्यादा खुशी की कोई बात नहीं है। तालिबान के काबुल में सत्तारुढ़ होते ही मैंने लिखा था कि भारत को पाकिस्तान से बात करके कोई संयुक्त पहल करनी चाहिए। काबुल में यदि अस्थिरता और अराजकता बढ़ेगी तो उसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव पाकिस्तान और भारत पर ही होगा। दोनों देशों का दर्द समान होगा तो ये दोनों देश मिलकर उसकी दवा भी समान क्यों न करें ? इसीलिए मेरी बधाई ! यदि तालिबान के सवाल पर दोनों देश सहयोग करें तो कश्मीर का हल तो अपने आप निकल आएगा। इस समय अफगानिस्तान को सबसे ज्यादा जरुरत खाद्यान्न की है।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन



**मुरैना।** बांग्लादेश में कट्टरपंथी मुसलमानों द्वारा प्रतिदिन हिंदुओं को चिन्हित कर उन पर योजनाबद्ध तरीके से हमने किए जाने के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि कट्टरपंथी मुसलमानों द्वारा किए गए उक्त हमले से हिंदू समुदाय द्वारा डरा हुआ एवं अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है। अभी हाल ही में 13 अक्टूबर 2021 को दिन शुक्रवार को बांग्लादेश के कोमिल्ला जिले में इन कट्टरपंथी मुसलमानों द्वारा देवी देवताओं के पंडालों को जलाया गया, साथ ही इस्कॉन मंदिर एवं विभिन्न मंदिरों के देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को खंडित किया गया। इस प्रकार की यह घटना 1 जिले में नहीं बल्कि लगभग 22 जिलों में गठित हुई, जिसमें लगभग 150 दिन पंडाल एवं मंदिर में आग जलाकर समाप्त कर दिए। इतना ही नहीं हिंदुओं को चिन्हित कर मारा पूछा गया माता बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इस घटना में लगभग 66 परिवारों को अपनी जान बचाकर घर छोड़कर भागना पड़ा एवं लगभग 20 लोगों की मृत्यु हो गई। इतना सब होने के बाद भी बांग्लादेश सरकार द्वारा आंख बंद कर बैठी है। उक्त घटनाओं को देखकर हिंदू का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद बांग्लादेश सरकार से मांग करती है कि हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने हेतु कठोर कदम उठाएं एवं दोषियों पर कठोर से कठोर दंडात्मक कार्रवाई करें। विश्व हिंदू परिषद भारत सरकार से निवेदन करती है कि वह भी बांग्लादेश की घटनाओं को रोकने हेतु बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल श्री बालकृष्ण शर्मा विभाग मंत्री, ओमकार राजपूत विभाग संयोजक बजरंग दल, अरविंद तोमर विभाग सहमंत्री, श्रीमती मीना भट्ट विभाग संयोजिका मातृशक्ति, सुनील चावला जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, रमाकांत मिश्रा जिला मंत्री, कमल दुबे जिला उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, जनक सिंह सोलंकी जिला प्रचार प्रसार प्रमुख, आनंद गुप्ता जिला विशेष संपर्क प्रमुख, मुकेश शर्मा जिला सेवा प्रमुख, मानवेंद्र राणा, श्रीमती भावना जैन जिला संयोजक, श्रीमती निधि गुप्ता जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती रजनी गुप्ता महिला संपर्क प्रमुख, श्रीमती शिवानी शर्मा, श्रीमती हेमलता राणा गौ सेवा प्रमुख, श्रीमती ममता शर्मा आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया।

## स्वयं स्वच्छता अपना कर दूसरों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने वाले नवयुवकों का किया सम्मान



**अम्बाह।** आचार्य आनंद टीम द्वारा आज वाल्मीकि जयंती के अवसर पर उन नवयुवकों का सम्मान किया, जिन्होंने स्वयं स्वच्छता अपनाकर, अपने आस पड़ोस में भी लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आरंभ वाल्मीकि रचित रामायण पूजन से अरविंद मावई और दुष्यंत सिंह तोमर ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए समाज सेवी डॉ सुधीर आचार्य ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अपने जीवन चरित्र से यह स्थापित किया कि सही समझ और सत्यबोध से जीवन को कैसे ईश्वरमय और आनन्दमय बनाया जा सकता है। मानव जीवन का आनन्द ऊंच नीच, भेदभाव, जाति-पाति में नहीं, अपितु सब में प्रभु तत्व देखने में है। कार्यक्रम में स्वच्छता नायक के रूप में सुभाष, अभिषेक, जीतू, ब्रजेश का सम्मान किया गया। संचालन आनन्द विभाग के जिला संपर्क व्यक्ति बालकृष्ण शर्मा ने किया व आभार सचिव मनोज पंडित ने किया।

# नाले में करंट फैलने से कछुआ एवं पांच सर्प की मौत

### आवारा पशु एवं आम जनता को भी खतरा



**मुरैना।** वन विभाग कार्यालय के पास नाले के नजदीक बिजली का खंभा लगा हुआ है, जिसमें कुछ दिन से करंट प्रवाहित हो रहा है और इससे आवारा पशु एवं आम जनमानस को खतरा बना हुआ है। बुधवार की सुबह नाले में करंट फैलने से 5 सर्फ सहित एक कछुए की मौत हो गई। स्थानीय निवासियों ने विद्युत मंडल अधिकारियों से इस और कार्यवाही करने की मांग की है। बताया जाता है कि वन विभाग कार्यालय के पास स्थित नाले के नजदीक बिजली का खंभा लगा हुआ है और उसमें करंट प्रवाहित हो रहा है, जो नालें के पानी में पहुंच रहा है और उसके कारण नाले में विचरण कर रहे जलीय जीव जंतु मौत का ग्रास बन रहे हैं। बुधवार की सुबह उक्त नाले में पांच सर्प एवं एक कछुआ मृत अवस्था में मिला। स्थानीय नागरिकों की नजर सुबह नाली में पड़ी तो पता चला कि नाले में बिजली का करंट प्रवाहित होने से यह स्थिति बनी है। स्थानीय निवासियों ने आशंका व्यक्त की है कि अगर इस खंबे पर प्रभावित हो रहे करंट को तुरंत नहीं रोका गया तो आम आदमी एवं आवारा पशु भी इसका शिकार हो सकते हैं। लोगों ने विद्युत मंडल अधिकारियों से खंबे से प्रभावित हो रहे करंट को सही कराने की मांग की है।

## जिले की समस्त जनपद पंचायतों में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैम्प का आयोजन

**मुरैना।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं सिक्योरिटी स्किल काउंसिल इंडिया लिमिटेड जवासा, नीमच एवं मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा भर्ती कैम्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 21 अक्टूबर को जनपद पंचायत जौरा में, 22 अक्टूबर को पहाड़गढ़ में, 23 अक्टूबर को अम्बाह में, 25 अक्टूबर को सबलगढ़, 26 अक्टूबर को कैलारस में और 27 अक्टूबर को जनपद पंचायत मुरैना में 6 दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक किया जाये। शिविर बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी योग्यता 10वीं पास, 21 से 37 वर्ष तक की आयु, 168 से.मी. ऊंचाई एंव सुरक्षा सुरपवाईजर के लिये कक्षा 12वीं पास, कम्प्यूटर कोर्स होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों की आयु 21 से 35 वर्ष और ऊंचाई 170 से.मी. होनी चाहिये। इच्छुक आवेदनकर्ता इन तिथियों में आवश्यक दस्तावेज लेकर उपस्थित रहें। चयनित उम्मीदवार अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन शुल्क 350 आयोजन स्थल पर लिया जाएगा।

# दिमनी में युवक को गोली मारी, गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर



**मुरैना।** दिमनी थाना क्षेत्र के मलूकापुरा गांव में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों में विवाद हो गया, जिसमें एक युवक को गोली मार दी। वारदात में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। पूरी घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने युवक की गंभीर हालत देखते हुए उसे ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार राहुल पुत्र विजय सिंह सिसोदिया निवासी मलूक का पुरा किसी गांव से दावत खाकर वापस अपने घर लौट रहा था। तभी दुकान पर गुटखा लेने के लिए चला गया, उसी दौरान दुकान पर खड़े करीब 8-10 लोगों ने युवक की लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। उसके बाद संदीप नामक युवक ने आरोपी पर बंदूक से गोली चला दी, जिससे युवक की पीठ में दाहिने तरफ गोली जा लगी और छाती के आर पार हो गई। गोली लगने से युवक खून से लथपथ होकर गिर पड़ा, तभी उसके परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। गंभीर हालत में युवक को चिकित्सकों के द्वारा ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी अशोक शर्मा ने बताया कि इस मामले में 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जिसमें संदीप तोमर, सतीश तोमर, बृजेश तोमर, अल्लाह छारी व दो अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है।

# सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही न वरतें: अशोक बंसल



**झुण्डपुरा।** बरसात के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों तथा डेगू,मलेरिया बुखार की रोकथाम के मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने अधीनस्थ कर्मचारियों को विशेष सफाई अभियान चलाने कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के निर्देश दिए तथा नगर में विशेष सफाई अभियान तथा मलेरिया आयल तथा कीटनाशक दवाओं का छिडकाव कराया। सी.एम.ओ.अशोक बंसल ने कहा कि नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाय, सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम के बाद नगर में मच्छरों के पनपने से डेंगू, वायरल बुखार व मलेरिया जैसी बीमारियां फैलाने की आशंका रहती हैं, इसलिए नगर के सभी वार्डों, गली, मौहल्ले में दवाओं का छिडकाव मशीनों से किया जाए। इसके अलावा फोग मशीन चलाकर मच्छरों को नियंत्रित करे, सफाई अभियान चलाकर नालियों में मलेरिया ऑयल, फिनाइल सहित कीटनाशक दवाएं डाली जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की बीमारी, बुखार, मलेरिया डेगू आदि से बचाव हो सके।

## डेगूं एवं मलेरिया के लिये नगरीय क्षेत्रों में स्पेशल ड्राइव आज चलायें

**मुरैना।** नगरीय प्रशासन एवं विकास ग्वालियर-चंबल संभाग के संयुक्त संचालक आरके श्रीवास्तव ने जिले की नगरीय निकाय एवं नगर निगम को निर्देशित किया है कि 21 अक्टूबर को डेगूं एवं मलेरिया की रोकथाम के लिये स्पेशल ड्राइव चलायें। इसके लिये दलों का गठन एवं आवश्यक कार्यवाही पहले से ही कर ली जायें। संयुक्त संचालक श्री श्रीवास्तव ने निर्देश दिये है कि प्रत्येक वार्ड में जलभराव की स्थिति को देंखे, मच्छर के लर्वा की स्थिति का विनिष्टीकरण की कार्यवाही करें। लोगों को समझाईश दें कि घरों में टूटे-फूटे बर्तनों, टायर एवं कूलरों में पानी रूका हुआ है तो उसे नष्ट करायें। ऐसे जल स्त्रोत जहां पर जल रूकाव की स्थिति हों, वहां एन्टी लर्वा का छिड़काव करायें, की गई कार्यवाही से वरिष्ठ कार्यालय को सूचित करें।

# महर्षि बाल्मीकि के चरणों में अर्पित किए श्रद्धा सुमन



**मुरैना।** महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती, प्रकटोत्सव के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के महामंत्री संदीप सेंगर द्वारा महर्षि बाल्मीकि मंदिर जेल रोड़ मुरैना पर महर्षि बाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए

इस अवसर पर मंदिर के पुजारी श्री श्री 108 नरेश महाराज जी,नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जगदीश टेगोर एवं राष्ट्रीय सफाई मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष ओंकार नरवार, निर्भय नरवार, अमन नरवार, निरंकार, शिवदत्त, विवेक, अंकित, गुलशन, दर्शन लाल करोसिया एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर महर्षि बाल्मीकि के जीवन दर्शन पर चर्चा करते हुए संदीप सेंगर द्वारा कहा गया कि जैसा कि आप सभी को ज्ञात है कि देव ऋषि नारद से हुए संवाद के कारण, उनकी बातों को सुनकर बाल्मीकि जी का हृदय परिवर्तन हो गया तथा उन्होंने अनैतिक कार्यो को छोड़ कर श्री राम की भक्ति में लीन होकर पवित्र महाकाव्य रामायण की रचना की, जो हम सब को बुराई पर नेकी की जीत का संदेश देती है तथा एक आदर्श जीवन व्यतीत करने की शिक्षा देती है। उन के जीवन दर्शन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है, हमें आपसी भेदभाव एवं मतभेद को भुलाना चाहिए तथा आपस में भाई चारे के साथ प्रभु भक्ति में मगन होकर अपने जीवन को जीना चाहिए।

## निःशुल्क भूमि हस्तांतरण विषय पर कार्यशाला मुरैना में आज

**मुरैना।** अटल प्रगति पथ परियोजना प्रदेश की सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी अटल प्रगति पथ परियोजना को तेजी से मूर्तरूप प्रदान करने के प्रयास लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे हैं। परियोजना के निर्माण के लिए राज्य शासन द्वारा एन.एच.ए.आई. को निःशुल्क भूमि दिसम्बर-2021 तक उपलब्ध कराई जाना है। भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को तेजी से पूर्ण कराने के लिए मुरैना जिले के राजस्व, वन, लोक निर्माण विभाग तथा एन.एच.ए.आई. के अधिकारियों की संयुक्त कार्यशाला आज 21 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। प्रमुख सचिव लोक निर्माण नीरज मंडलोई ने बताया कि अटल प्रगति पथ का 313 किलोमीटर एरिया चंबल संभाग के श्योपुर, मुरैना तथा भिंड जिलों की सीमा से गुजरेगा।

# 16 साल की नाबालिक के साथ छेडछाड एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में जमानत निरस्त

**मुरैना।** अम्बाह न्यायालय के माननीय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश (पॉस्को अधिनियम) ने ग्राम रायचंद का पुरा थाना नगरा क्षेत्र के आरोपी की 16 वर्ष की नाबालिक बालिका के साथ छेडछाड एवं जान से मारने की धमकी के आरोप में अग्रिम जमानत याचिका निरस्त कर दी। नाबालिका की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एडीपीओ गिरजेश खत्री अम्बाह के द्वारा प्रभावी रूप से तर्क रखा गया। अभियोजन सहायक मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल के द्वारा बताया गया कि नाबालिका के साथ हुई छेडछाड एवं जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के विरुद्ध थाना नगरा में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराते हुए 29 जुलाई 2021 को शाम करीब 4:30 बजे अपने घर के बगल में खेत में नीबू तोडने गई, तभी आरोपी आया और उसके साथ बुरी नीयत से छेडखानी करने लगा। जब नाबालिका ने मना किया और धक्का देकर वहाँ से भागी तो आरोपी कहने लगा कि तेरी शादी मुझसे ही होगी नहीं तो तुझे ओर तेरे भाई को जान से खत्म कर देगें। इस प्रकार आरोपी के द्वारा किये गए जघन्य अपराध में गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने माननीय न्यायालय में जमानत का आवेदन लगाकर जमानत की गुहार लगाई लेकिन सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री खत्री के द्वारा जमानत का विरोध करते हुये तर्क पेश किये कि यदि ऐसे आरोपी को जमानत का लाभ मिला तो आरोपी, नाबालिका या उसके परिजन से राजीनामा का दबाब बनाएगा।

## जौरा में रोजगार मेला आज

**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन के निर्देशन में जिले में लगातार रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। निर्देशों के तहत ग्रामीण क्षेत्र के सभी बेरोजगार युवक एवं युवतियां 21 अक्टूबर को जौरा मुख्यालय पर अपने-अपने आवश्यक दस्तावेज लेकर पहुंचे और रोजगार मेले का लाभ उठायें। जनपद सीईओ गिर्राज शर्मा ने बताया कि बेरोजगार युवक, युवतियां आधार कार्ड, मार्कशीट एक फोटो लेकर उपस्थित हो।

# ठाठीपुरा ग्राम पंचायत में तालाब निर्माण होने से हैंडपंप, कुंआ के जलस्तर में हुई बढ़ोत्तरी



**मुरैना।** कैलारस विकासखंड की ग्राम पंचायत ठाठीपुरा निवासी जंडेल सिंह, भूपेन्द्र सिंह, प्रेम सिंह ने कहा कि तालाब के बनने से गांव में खुशियाली की लहर दौड़ गई है। अब हम एक नहीं बल्कि दो-दो फसलें ले रहे हैं और गांव के हैंडपंप कुंओं बावड़ी का भी जल स्तर उपर आ गया है। यह सब प्रदेश सरकार की शिवराज सिंह चौहान की सरकार द्वारा साकार हुआ है।

जण्डेल सिंह, भूपेन्द्र सिंह, अमर सिंह ने बताया कि बिना पानी के हमारा गांव खरीफ की फसल ही ले पाता था, जिसमें बाजरा, अरहर, तिली की फसल लेने के बाद पूरे वर्षभर खेत खाली पड़े रहते थे। यह क्षेत्र पूर्णतः पशुओं पर निर्भर था। खरीफ फसल भी अच्छी वर्षा होने पर ही हो पाती थी, जिस वर्ष हल्की वर्षा होती तो उस साल बाजरा जैसी फसल भी बहुत कम मात्रा में ले पाते थे। कई बार ग्रामीणों ने सोचा कि श्रमदान करके तालाब बनाया जाये, परंतु श्रमदान करने से भी इतना बड़ा तालाब बनना हम सबके लिये कठिन कार्य था। प्रदेश सरकार ने पिछले वर्ष कोरोना काल में हमारी ग्राम पंचायत में 9 तालाबों का निर्माण किया, जिसमें 5 तालाबों में पानी अभी भी भरा हुआ है, जिनसे हम ग्रामीणों ने सिंचाई करके सरसों और गेंहू की फसल लगाना प्रारंभ कर दी है। इसके अलावा गांव के हैंडपंप, कुंआ, बावड़ी भी रिचार्ज हो गये हैं। सभी में पानी की बढ़ोत्तरी हुई है, अन्यथा गर्मियों के दिनों में हम ग्रामीणों को अपने पशु महलों के आसपास वाले ग्रामों में पहुंचाने पड़ते थे। आज हम सभी ग्रामीण बेहद प्रसन्न हैं कि इस वर्ष प्रदेश सरकार ने तालाब का निर्माण किया और तालाबों में पूरी क्षमता के साथ पानी भरा हुआ है। हम प्रदेश सरकार के बहुत आभारी हैं, जिन्होंने इतने बड़े तालाब का निर्माण मनरेगा के तहत कराया, जिससे कोरोना काल में हम सभी को मजदूरी मिली और खेती के लिये पानी तथा हैंडपंप भी हमारे रिचार्ज हो गये हैं। अब पेयजल जैसी समस्या भी कहीं नहीं रही।

## वन-टू-वन

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया शरद पूर्णिमा का उत्सव।।



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**औरैया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ औरैया ने सरस्वती विद्या मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया जिसमें कई स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे। कहते हैं कि इस दिन महालक्ष्मी का जन्म हुआ था। मां लक्ष्मी समुद्र मंथन के दौरान प्रकट हुई थीं। पुराणों के अनुसार, शरद पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी भगवान विष्णु के साथ गरूड़ पर बैठकर पृथ्वी लोक में भ्रमण के लिए आती हैं। इतना ही नहीं इस दिन मां लक्ष्मी घर-घर जाकर भक्तों पर कृपा बरसाती हैं और वरदान देती हैं।शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा धरती के सबसे निकट होता है. ये पर्व रात में चंद्रमा की दूधिया रोशनी के बीच मनाया जाता है. ऐसी मान्यता है कि पूरे साल में केवल शरद पूर्णिमा के दिन ही चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है. इस दिन चंद्र देव की पूजा करना शुभ होता हैं जिसमे बौद्धिक का मार्ग दर्शन प्रांत जिला धोष प्रमुख संतोष जी ,, जीवाराम जी जिला कार्यवाह,,पंकज पोरवाल जी सहनगर कार्यवाह, नगर विस्तारक उमाशंकर जी एवम विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री योगेंद्र दुबे सहित कईलोग मौजूद रहे।।।

### ग्राम टोरिया-खालसा में किसान के बोरवेल से 70 हजार की बिजली केबल चोरी,पुलिस पर लगया रिपोर्ट नहीं लिखने का आरोप

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**बैराड़** थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले टोरिया-खालसा गांव से मंगलवार की रात करीब 9:00 9:30 बजे अज्ञात चोर किसान के खेत पर बने बोरवेल से 1800 फिट बिजली केबल कीमत करीब 70 हजार चोरी कर ले गए.फरियादी ने इसकी सूचना रात में ही पुलिस को दी जिस पर बैराड़ थाने की पुलिस डायल हंड्रेड गाड़ी से मौके पर पहुंची और मौका मुआयना कर लौट आई. फरियादी विवेकानंद शर्मा बुधवार की सुबह करीब 11:00 बजे जब बोरवेल से हुई केवल चोरी रिपोर्ट करने बैराड़ थाने पर पहुंचा तो थाने पर पदस्थ मुंशी ने फरियादी की रिपोर्ट लिखने से इनकार कर दिया और उसे भगा दिया इससे परेशान फरियादी विवेकानंद शर्मा ने चोरी की रिपोर्ट लिखने का आवेदन रजिस्टर्ड डाक से बैराड़ पुलिस थाने को भेजा है वही इस मामले में गुरूवार को एसपी से शिकायत करने की बात कही और इंसाफ की गुहार लगाई।

### विश्व हिंदू परिषद ने ज्ञापन सौंप कर फूंका आतंकवाद का पुतला



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**बैरा?** । विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड बैराड़ द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर बार्बर अत्याचारों को रोक उन्हें सुरक्षा, न्याय व मुआवजा दिलाने को लेकर बुधवार को राष्ट्रपति के नाम थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर नगर के पुराने बस स्टैंड पर आतंकबाद का पुतला दहन किया गया । बजरंग दल संयोजक प्रिंस प्रजापति ने बताया कि हमारे प?ोसी देश पाकिस्तान, अफगानिस्तान व बंग्लादेश में वहाँ बचे अल्पसंख्यक हिन्दू-सिखों के विरुद्ध जघन्य अत्याचारों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। गत एक सप्ताह में बंग्लादेश में तो हद ही हो गई। वहाँ ना हिंदूओं की जान बचाई जा सकी ना उनकी बहिन बेटियों की इज्जत, ना माँ दुर्गा पूजा के मंडप बचे और ना ही हिन्दू मंदिर। जब से अफगानिस्तान पर बार्बर तालिबान का शासन हुआ है अन्य प?ोसी देशों में भी जिहादी आतंकियों के आक्रमण लगातार ब? हैं। अकेले दुर्गापूजा के दौरान बांग्लादेश के 22 से ज्यादा जिलों में हिंसा की घटनाएं घट चुकी हैं। हिंदुओं के 150 से ज्यादा दुर्गा पूजा पंडाल अपवित्र कर तहस-नहस कर दिए गए। कितने ही घरों, दुकानों व धर्मस्थलों में हिंसा आगजनी व लूटपाट में 10-12 हिन्दू अपनी जान गंवा चुके। देवी-देवताओं की मूर्तियां तोड़ दीं। हिंदुओं को मारा-पीटा गया।




अभिषेक शुक्ला जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं


# दबोह उपमंडी भूमि अधिग्रहण को लेकर भाजपा कॉग्रेस आमने-सामने

**मेरा उद्देश्य लहार विधानसभा में चुनाव नही बल्कि विकास करना है-अशोक चौधरी**

**लहार एक मात्र सहारा श्रीमंत सिंधिया हमारा-योगेंद्र सिंह(पप्पू)**

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**



**दबोह** । उपमंडी भूमि अधिग्रहण को लेकर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष आमने सामने उतर आया है।बुधबार को दबोह भाजपा मंडल ने पतारा बाग में भारतीय जनता पार्टी के नेताओ एवं कार्यकर्ताओ की बैठक बुलाई जिसे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने सम्बोधित किया।इस बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में लहार भाजपा नेता योगेंद्र सिंह पप्पू एवं मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक चौधरी उपस्थित रहे।कार्यकर्ता बैठक को सम्बोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि मैं 1984 से कैलासवासी श्रीमंत माधव राव सिंधिया से जु?ा हूँ।उन्होंने उस समय हमसे एक बात कही थी कि समाजसेवा एवं जनसेवा करना चाहते हो तो हमारे साथ जु?ो राजनीति करना चाहते हो मत जु?ो मैं तब से सिंधिया परिवार के जरिये जनता की सेवा कर रहा हूँ और अब मै अपने क्षेत्र में जनसेवा करूँगा मेरा मकसद लहार विधानसभा में चुनाव ल?ना नही बल्कि अपने क्षेत्रवासियों की सेवा करना है।भाजपा पार्टी जिस व्यक्ति को टिकट देंगी मैं उसके साथ निस्वार्थ भाव रहकर उसे चुनाव जिताने का भरकस प्रयास करूंगा वही।उन्होंने बिना नाम लिए लहार के कॉग्रेस के एक नेता पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दिन पहले दबोह के रेस्ट हाउस पर एक विदशक ने अपने ही कुछ लोगो को एकत्रित करके अपनी डुग डुगी बजाई मैं पूछना चाहता हूँ कि जो सर्वदलीय बैठक के नाम पर मंडी निर्माण के लिए जो बैठक बुलाई गई थी तो जब दबोह में प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण के नाम पर तो? फो? की जा रही थी।उस समय यह बैठक क्यो नही बुलाई गई थी वह व्यक्ति उस दिन बार-बार विकास के नाम पर अपना गला फा? कर चिल्ला रहा था तो मैं उससे पूछना चाहूंगा कि सत्ता में मंत्री रहते हुए भी आपने दबोह में उपमंडी का कई बर्षो लंबित प्रकरण क्यो नही सुलझाया वही दबोह में करधेन तालाब का सौंदर्य करण क्यो नही कराया अभी तक दबोह में शासकीय कॉलेज क्यो नही बनवाया गया उन्होंने कहा कि आज पतारा बाले बाबा को जो व्यक्ति भूमाफिया एवं लुटेरा बता कर गन्दी राजनीति करना चाहता है वह लहार क्षेत्र का सबसे ब?ा लुटेरा क्योंकि कल तक जो व्यक्ति मित्रता पूर्वक पतारे बाग बाले बाबा के यहाँ शादी में जा कर डांस कर रहा था आज वह अचानक से उसे भूमाफिया कहने लगा इसके पीछे इनका निजी स्वार्थ है हकीकत तो यह है कि महाराज सिंधिया के भाजपा में आने के बाद इनकी राजनीतिक शक्ति क्षीण होती जा रही है जिसके चलते वह इधर उधर भटक कर उल जलूल मामलों को ब?ावा देने लगा हुआ है मै आप सभी कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाता हूँ कि जल्द ही लहार क्षेत्र में आप सभी को भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए एवं लहार विकास के लिए हम सब पूर्व विधायक रसाल सिंह,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अम्बरीश शर्मा उर्फ गुड्डू भैया एवं रोमेश महंत के सहयोग से माननीय सिंधिया के नेतत्व में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा वही बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा नेता योगेंद्र सिंह पप्पू ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुझे भाजपा में आये हुए सात से आठ हुए है लेकिन लहार क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की दुर्दशा तीस साल से है भिंड जिले में लहार भाजपा कार्यकर्ताओं की बात अधिकारी तो छो?ो छोटा सा कर्मचारी तक सुनने के लिए तैयार नही है यहाँ तक पार्टी के वरिष्ठ नेताओ के द्वारा भी कार्यकर्ताओ को यह कहकर टाल दिया जाता है कि लहार में भाजपा प्रत्याशी के आठ दस हजार वोट आते है मैं उन नेताओं से पूछना चाहता हूँ कि दो पंचवर्षीयो से भाजपा साठ हजार के आसपास वोट मिले है।

# गोहद विधानसभा के सफाई कर्मचारियों का शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया गया





**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय नेतृत्व , मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव जी व सम्भाग प्रभारी श्री मनीष राजोरिया जी के आह्वान पर आज दिनांक 20/10/2021 को महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती के कार्यक्रम आयोजन किया गया इस उपलक्ष्य में गोहद विधानसभा के सफाई कर्मचारियों का सौल, श्रीफल देकर सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ब? भाई उपेन्द्र शर्मा जी, जिला प्रभारी धर्म सिंह भार्गव,सह प्रभारी भानु प्रताप जयंत,गोहद विधानसभा प्रभारी अशोक जयन्त जी ,गोहद नगर मंडल अध्यक्ष विवेक जैन जी ,उपाध्यक्ष प्रमोद कामत जी ,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामसिया जाटव जी व भीकम कौशल जी पूर्व पार्षद आत्मदास भटनागर, मण्डल महामंत्री विनोद माहौर ,मालनपुर मण्डल प्रभारी सुमन्त बाल्मीकि, नगर मण्डल प्रभारी विजय बाल्मीक, चितौरा मण्डल प्रभारी हेमसिंह जाटव ,मो मण्डल प्रभारी सुल्तान मौर्य ,इंदल सिंह गुर्जर ,राकेश लहारिया रामजीलाल बाल्मीक , भगवानदास बाल्मीक, मायाराम भगत जी, मनोज जाटव अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा में प्रवेश के लिये करना होंगे ऑनलाइन आवेदन



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***
**9826576206**

**इंदौर।** इंदौर? जिले के मानपुर में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6टी में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। सत्र 2022-23 में कक्षा 6टी में प्रवेश हेतु छात्र/छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। आवेदन पत्र नवोदय विद्यालय समिति के एडमिशन पोर्टल 222.ठ्ठ्1श-स्रड्ड4ड्ड.द्गश1.द्बठ्ठ पर 30 नवम्बर 2021 तक ऑनलाईन भरे जा सकते हैं। जिसके लिए अभ्यर्थी को एक प्रमाणपत्र निर्धारित प्रपत्र में भरकर अपलोड करना होगा।

प्राचार्य ओ.पी. शर्मा ने बताया कि इच्छुक अभ्यार्थियों को सत्र 2022-23 के दौरान जिले के किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वी अध्ययनरत छात्र/छात्रा होना तथा आयु सीमा का जन्म दिनांक 01 मई 2009 से 30 अप्रैल 2013 (दोनो तिथियां सम्मिलित) के दौरान का होना जरूरी है। अभ्यर्थी कक्षा तीसरी एवं चौथी भी सरकारी अथवा सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट- का अवलोकन किया जा सकता है। इसके साथ ही कक्षा 9वी में रिक्त पांच सीटों के लिए भी ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए जिले में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्र/छात्राएं आवेदन कर सकते है।



### राजदेव प्रजापति बने मऊरानीपुर कोतवाली प्रभारी

**पुष्पांजली टुडे**

**मऊरानीपुर** । कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह का स्थानांतरण होने पर राजदेव प्रजापति जी को कोतवाली प्रभारी मऊरानीपुर बनाया गया । पत्रकारों को बताया कि उनकी प्रार्थमिकता नगर में चल रहे अवैध व्यापार को बन्द कराना नगर व क्षेत्र में शांति स्थापित करना वह औरैया से झांसी आए इस जिले में उन्हें पहली बार तैनाती मिली इसके पूर्व वह कानपुर ,गोरखपुर राय वरेली जैसे तमाम बड़े बड़े शहरों में कोतवाली के चार्ज पर रहे ।उन्होंने बताया कि पीड़ति को न्याय दिलाना व सरकार की नीतियों पर कार्य करना व्यापारियों व नगर के गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर नगर की समस्याओं से निजात दिलाने का कार्य करूंगा।

# नगर पालिका प्रशासनिक की लापरवाही अतिक्रमण और गंदगी के चलते लोग घरों में कैद होने के लिए मजबूर

**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग,**
**पुष्पांजली टुडे**



**गोहद।** नगर पालिका प्रशासन गोहद की लापरवाही (अतिक्रमण और गंदगी के चलते लोग घरों में कैद होने के लिए मजबूर) कहने को तो गोहद नगर पालिका भिंड जिले की महत्वपूर्ण नगर पालिका है जिसका भिंड के बाद दूसरा नंबर आता है किंतु वर्तमान नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते चारों ओर अतिक्रमण गंदगी और अव्यवस्था का चरम दौर देखने को मिल रहा है नगर पालिका प्रशासन की मौन स्वीकृति के चलते नगर के प्रवेश द्वार बंधा के पास से लेकर गंज बाजार मो रोड़ बस स्टैंड से इटली गेट के आसपास के क्षेत्र में अतिक्रमण ही अतिक्रमण दिखाई देता है लोगों ने मौके का फायदा उठाकर जहां जगह मिली वहां अपने बांस बल्ली लगाकर शासन की करोड़ों की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया कभी सिंचाई विभाग के अधिपत्य में रहने वाली नहर अटल तिराहे से लेकर मौरोड तक पूरी तरह से अतिक्रमण का शिकार हो चुकी है नगर पालिका प्रशासन की स्वीकृति अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद कर दिए हैं इतना ही नहीं विद्यालयों के आसपास की जमीनों पर माफिया लोगों ने जबरन अतिक्रमण कर रखा है जिससे नौनिहालों की जान पर संकट बना हुआ है गंदगी की यह स्थिति है की लोग घर से निकलने में भी मुंह बांध कर निकलते हैं कई सड़कें तो तबेला बन गई हैं बरसा का पानी गिरते ही लोगों का निकलना भी दूभर हो जाता है जेल रोड जहां पर प्रशासन एवं आश्रम छात्रावास एक लंबी फेहरिस्त है सड़क में तो मालूम ही नहीं होता कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क इसी प्रकार एचआया रोड वह बाजार की सड़कों की भी यही स्थिति है जहां पर गंदगी का अंबार लगा रहता है।

# खोड प्रशासन गांवों के संग शिविर आयोजित

**पुष्पांजली टुडे/नेनाराम सिरवी**



रानी पाली राजस्थान। रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोड प्रशासन गांवों के संग शिविर शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी रविकांतसिंह के नेतृत्व में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोड़ में आयोजित हुआ

जिसमें राजस्व विभाग से अंधे धनाराम सीरवी को 40 वर्ष बाद खातेदारी भूमि का हक मिला शिविर में 132 शुद्धीकरण 11 बंटवारा 235 म्यूटेशन 9 रास्ते 4 आबादी के प्रकरण 4 सीमांकन 51 पट्टे, 10 प्रधानमंत्री आवास 67 पीपीओ पांच जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र 35 जाति मूल प्रमाण पत्र जारी किए गए शिविर में सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा शिविर में बिना भेदभाव के गरीब जनता को फायदा दिलाना को कहा जिला प्रमुख रश्मि सिंह ने स्वच्छता अभियान पर जोर देते हुए कहा कि हर ब्लॉक स्तर पर यह सफाई व्यवस्था कराने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सदस्य डॉ रंजू रामावत सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब जनता तक पहुंचाने की बात कही,,रानी प्रधान श्याम कंवर मेड़तिया, कृषि मंडी अध्यक्ष गिरधारीसिंह मेड़तिया पूर्व सरपंच रुपेश दाधीच तहसीलदार सुनीता चारण ,सरपंच दुर्गा दाधीच ,जिला परिषद सदस्य दुर्गा सीरवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सीरवी, उपसरपंच मालमसिंह मेड़तिया, रानी उपप्रधान शीलासिंह राजपुरोहित ,पूर्व श्रमिक बोर्ड के अध्यक्ष शिशुपालसिंह राजपुरोहित, ग्राम विकास अधिकारी महावीरसिंह राठौड़, प्रधानाचार्य शांति चौहान, प्रधानाचार्य हेमंत दवे, पंचायत सहायक वीरेंद्रसिंह भाटी, रमेश जणवा चौधरी आर आई दलाराम आर आई पोमाराम पत्रकार जीतू गोयल पत्रकार , ओपाराम मेघवाल सहित सभी विभागों के अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।


पूज्य श्री गुरुदेव जी के पावन श्री चरणों में प्रणाम करते है और ये शुभकामनाएं करते है की आप हमेशा स्वस्थ रहे प्रसन्न रहे और भूले भटके प्राणी को अपने ज्ञान गंगा से ओत



प्रोत करते रहे और आपकी उम्र लंबी हो ।।



बिपिन सिंह तोमर

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी मंडलों में वाल्मीकि समाज के बीच जाकर धूमधाम से मनाई बाल्मीकि जयंती

*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

**भिण्ड(ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी ने जिले के सभी मंडलों मैं महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती को समाज के बीच पहुंचकर बड़ी धूमधाम से मनाई पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर समाज को केंद्र और राज्य सरकार की विकास जन कल्याण योजनाओं पर चर्चा की और उनके साथ भोजन भी किया सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उनका विशेष योगदान रहा माल भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के पुत्र लव और कुश को शिक्षा के क्षेत्र में न पूर्ण कर उन्हें आगे बढ़ाने का काम बाल्मीकि जी ने किया जिन्होंने रामचरितमानस के रामायण की भी उन्होंने रचना की द्य

बाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक 4 स्थित अयोध्या बस्ती के सामुदायिक भवन में वाल्मीकि जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष दलवीर सिंह तोमर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी कार्यकर्ताओं ने आदि ऋषि वाल्मीकि जी की प्रतिभा पर पुष्प एवं माला पहनाकर पूजा अर्चना की ।इसके बाद उपस्थित वाल्मीकि समाज के भाइयों के बीच मुख्य अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष दलवीर सिंह तोमर ने कहा कि आदि ऋषि बाल्मीकि सामाजिक समरसता के जनक थे आज देश में हर समाज उन्हें अपना पूर्वज मानता है ब्राह्मण समाज उन्हें ऋषि पुत्र मानता है तो तो वन क्षेत्र में मान्यता है कि वे भील वनवासी समाज में जन्मे हैं इस प्रकार हम कह सकते है कि वो सर्व समाज के जनक थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा कि आज हम ऐसे राष्ट ऋषि की जयंती मना रहे हैं जिसने हमें रामायण जैसा महाकाव्य दिया जो हमें जीवन जीने की कला सिखाता है 7 आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आज जहां वाल्मीकि




जयंती पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए हैं एवं आज का अवकाश भी रखा है इसके लिए हम प्रदेश सरकार के मुखिया को धन्यवाद देते हैं महर्षि बाल्मिकी जी की मान्यता भारत के लगभग सभी समाज जनों में है वे संसार के आदि कवि हैं, वे भारत में सामाजिक एकत्र और समरसता के प्रतीक है 7 उन्होंने अपने व्यक्तित्व और अपने कृतित्व से संपूर्ण समाज और भूभाग को एक सूत्र में पिरोया वे सबके लिए आदर्श थे कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री निर्मला आर्य एवं अंत में आभार प्रकट युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नीरज यादव ने किया 7 कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित जनों को मिष्ठान वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक पूर्व मंडल अध्यक्ष दलबीर सिंह तोमर निर्मल आर्य दिनेश यादव नीरज यादव मुकेश भदोरिया अरविंद जैन संतीश बाल्मीक मुकेश बाल्मीक शिशुपाल बाल्मीकि सुरेन्द बाल्मीकि तुलसी बाल्मीकि आदि उपस्थित थे।

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ कैलाश जाटव के निर्देश पर चम्बल संभाग प्रभारी मनीष राजौरिया के आग्रह पर महर्षि वाल्मीकि जयंती जी के उपलक्ष्य मै भिंड विधानसभा के वार्ड न 4 में आयोजित सफाई कर्मचारियों का संम्मान किया गया जिसमे जिला प्रभारी धर्म सिंह भार्गव जिला सह प्रभारी भानु प्रताप जयंत मंडल महामंत्री पार्षद सुनील कौशल मंजू राठौर केशव नरवरिया बेबी राठौर दशरथ राठौर,सबल सिंह भदौरिया तुरसंपाल धाकरे राहुल राठौर जबर सिंह अरुण भार्गव गोलू जय किसन कमलेश वाल्मीकि विहारी वाल्मीकि रवी वाल्मीकि सुनील वाल्मीकि शिवम वाल्मीकि दीपक वाल्मीकि अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे ।

गोहद में बाल्मीकि जयंती उपलक्ष्य में गोहद विधानसभा के सफाई कर्मचारियों का शॉल, श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि उपेन्द्र शर्मा , जिला प्रभारी धर्म सिंह भार्गव,सह प्रभारी भानु प्रताप जयंत,गोहद विधानसभा प्रभारी अशोक जयन्त ,गोहद नगर मंडल अध्यक्ष विवेक जैन ,उपाध्यक्ष प्रमोद कामत ,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामसिया जाटव भीकम कौशल पूर्व पार्षद आत्मदास भटनागर, मण्डल महामंत्री विनोद माहौर ,मालनपुर मण्डल प्रभारी सुमन्त बाल्मीकि, नगर मण्डल प्रभारी विजय बाल्मीक, चितौरा मण्डल प्रभारी हेमसिंह जाटव ,मो मण्डल प्रभारी सुल्तान मौर्य ,इंदल कंसाना,राकेश लहारिया रामजीलाल बाल्मीक , भगवानदास बाल्मीक, मायाराम भगत जी, मनोज जाटव अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## वन-टू-वन

### सोशल मीडिया पर कांग्रेस से पिछड़ी भाजपा

**भोपाल।** कांग्रेस ने दावा किया है कि सोशल मीडिया में उसने भाजपा से बाजी मार ली है। गतदिनों खंडवा लोकसभा में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सभा को सवा दो लाख से अधिक लोगों ने देखा तो भाजपा की सभा को मात्र 50 हजार व्यू ही मिले हैं। कांग्रेस का कहना है कि कमलनाथ को युवा पसंद कर रहे हैं, जो आने वाले दिनों का शुभ संकेत है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी केके मिश्रा का दावा है कि सोशल मीडिया पर लोग भाजपा से ज्यादा कांग्रेस को पसंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को कमलनाथ की सभा खंडवा लोकसभा क्षेत्र में थी, जिसे मध्यप्रदेश कांग्रेस के ऑफिशियल पेज पर 9 हजार 400 लोगों ने पसंद, यानी लाइक किया था और 1200 लोगों ने इस पर कमेंट भी किया। यही नहीं, 974 लोगों ने अपने फेसबुक पेज पर शेयर भी किया। मिश्रा की मानें तो 2 लाख 22 हजार लोगों ने इस सभा को फेसबुक पर देखा है। वहीं भाजपा के पिछले पांच कार्यक्रमों को मिलाकर भी इतने व्यू नहीं मिल पाए। पिछले पांच लाइव को देखा जाए तो भाजपा के फेसबुक पेज पर कुल व्यू ही 50 हजार आए हैं, यानी भाजपा से 5 गुना कम। वहीं 497 कमेंट और 2 हजार 675 लाइक मिले हैं। 304 लोगों ने इसे शेयर भी किया है।


### एक ही जगह बनेंगे आयुष्मान, आधार एवं समग्र आइडी कार्ड

**भोपाल।** पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक अनूठी पहल की जा रही है। इसके तहत अब पात्र परिवारों को अभियान चलाकर एक ही जगह आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड व समग्र आइडी बनाकर दिए जाएंगे। इसके साथ ही आधार पंजीयन, पोर्टल पर पंजीयन और अपडेशन का कार्य करने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। इस संदर्भ में कलेक्टर अविनाश लवानिया ने बताया कि आमतौर पर लोगों को आधार, समग्र या आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अलग-अलग जगह जाना पड़ता है। इससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार अपडेट होना जरूरी है। इसलिए हमने यह अभियान प्लान किया है, जिसमें एक ही जगह आधार, आयुष्मान और समग्र आइडी कार्ड बनाकर दिए जाएंगे।

# पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा मुख्यमंत्री से चर्चा कर दिलाएंगे मुआवजा

*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

**भिण्ड(ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि लहार विधानसभा क्षेत्र के दमोह तहसील में तेज बारिश से कच्चा मकान एवं किसानों के खेत में फसलें पूर्णतः नष्ट हो गई हैं उन्हें शीघ्र ही मुआवजा के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाकर राजस्व विभाग के अधिकारियों से सर्वे कराने के लिए मांग करेंगे ताकि पीड़ित परिवार जनों को शीघ्र आर्थिक सहायता मिल सके और वे अपने पक्के मकान बनाकर रह सकें ।



पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि लहार तहसील के दमोह क्षेत्र में 4 परिवारों के कच्चे मकान तेज बारिश के बढ़ते हुए जल प्रभाव से पूर्णतः नष्ट हो गए हैं जिनमें तीन मकान नगर परिषद वार्ड के वार्ड में, एक मकान अमाहा पंचायत के कंवरपुरा गांव में गिर गए हैं 7 कच्चे मकान में पीड़ित परिवारों का 1 साल का अनाज और पालतू जानवरों के भूसा सहित घर-गृहस्थी का सामान रखा हुआ था मिट्टी में दबकर पूर्णतः खराब हो गया और अब साल भर पीड़ित परिवारों को अनाज और भूसे के संकट से जूझना पड़ेगा 7 वहीं वार्ड नंबर 11 में बारिश से अंतराम कौरव का कच्चा मकान और वार्ड नंबर 10 से निवासी भगवान दास का कच्चा मकान पूर्णता ध्वस्त हो चुका है जिन्हें प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से पक्का मकान दिलाने के लिए जिला कलेक्टर भिंड को अवगत कराया जाएगा ताकि यह परिवार इस योजना में शामिल होकर अपने सर पर छत बना सके।

पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि लहार मिहोना मच्छर असवार आलमपुर दमोह में किसानों की सरसों की फसल भी जनता नष्ट हो गई है जिन किसानों ने अपनी सरसों की फसल बोई थी उनका भी खेत में बढ़ते हुए जल प्रभाव के कारण पूर्णतः नष्ट हो गई, ऐसे किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजना के अंतर्गत मुआवजा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा कर समस्याओं की ओर आकर्षित कराया जाएगा ।

पूर्व विधायक सिंह ने किसानों और क्षतिग्रस्त मकान पीड़ित परिवार जनों को बताते हुए कहा कि वह संयम से काम करें, मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार आपके सुख और दुख में हमेशा खड़ी रही है, और खड़ी रहेगी ।बाढ़ आपदा में भी राहत देने का काम प्रदेश की शिवराज सरकार ने किया था, यह प्राकृतिक आपदा है जिसके कारण हम सबको कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है 7 उन्होंने कहा कि जिनके मकान पूर्णता ध्वस्त हो गए हैं, उनके लिए खाद्य सामग्री दिलाने के लिए प्रशासन को सूचित कर आया है ऐसे परिवारों को तत्काल सर्वे कराकर शीघ्र से शीघ्र सहायता प्रदान की जाए ।

# बेटी को मारने की धमकी देकर विवाहिता को बंधक बना ऑटो चालक पांच महीने से कर रहा था दुष्कर्म

**भोपाल।** राजधानी की कोहेफिजा पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसकी बेटी को मारने की धमकी देकर उसे बंधक बनाते हुए आरोपी ऑटो चालक द्वारा पांच महीने से ज्यादती किये जाने का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि इस बीच पीडीता के पति की मौत हो जाने पर भी आरोपी ने उसे पति के आखिरी सफर मे भी शामिल नही होने दिया। बताया गया है कि इलाके मे रहने वाली महिला के पति को इसी साल मार्च महीने में गंभीर बीमारी ने अपनी चपेट मे ले लिया था। इस दौरान बीमार कि पत्नि एक ऑटो चालक की मदद से पति को अकसर इलाज के लिए लेकर जाती थी। इस दोरान ऑटो चालक महिला के पति को घर से अस्पताल ले जाने वहॉ इलाज कराने ओर वापस घर लेकर आने ऑटो में महिला की मदद करता था। साथ ही इलाज के दौरान वो अस्पताल में मौजूद रहता था। ऑटो चालक की मदद को देख महिला और उसके बीच नजदीकी बढ़ गई। आरोप है कि इसी साल मई महीने में आरोपी ने पीड़िता को मिलने के लिए खानूगांव स्थित एक मकान में बुलाया। महिला के वहॉ आने पर आरोपी ने उसकी बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया ओर फिर उसे वहीं बंधक बना लिया। पीडीता का आरोप है कि इसके बाद आरोपी महिला के साथ आए दिन शारिरीक संबध बनाने लगा। ओर महिला उसके चुंगल से निकल न सके इसके लिये वो उसे घर में बंद कर जाता था। बीते दिनों किसी तरह से महिला आरोपी के चुंगल से छूटकर अपने ससुराल पहुंची, ओर वहां ससूराल वालो को सारी बात बताई, इसके बाद उसने थाने पहुंचकर प्रकरण दर्ज करा दिया। मामला दर्जकर पुलिस आरोपी की धरपकड के प्रयास कर रही है।

# लांबिया प्रशासन गांवों के संग शिविर आयोजित

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने किया शिविर का निरीक्षण**

**पुष्पांजली टुडे/नेनाराम सिरवी**

**पाली।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत लांबिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार संचालित किए जा रहे शिविर में जनकल्याण योजनाओं का लाभ आमजन को देने के लिए प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों के विभिन्न समस्याओं का समाधान हुआ। शिविर प्रभारी पाली उपखंड अधिकारी आईएएसदेसल दान पाली पंचायत समिति विकास अधिकारी मोहनलाल चौधरी सरपंच मदन लाल मेघवाल तहसीलदार के अध्यक्षता में शिविर का किया शुभारंभ।

शिविर में राजस्थान सरकार के आदेश के अनुसार विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में पट्टे जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र पेंशन पीपीओ नरेगा जॉब कार्ड प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत। चिरंजीवी रजिस्टर। बटवारा शुद्ध करण मिटेशन पालनहार मय विद्युत कनेक्शन मरीजों की जांच दिव्यांग रोडवेज पास आदि बनाकर शिविर में लाभार्थियों को दिया गया शिविर के दौरान जिला परिषद मुख्य



कार्यकारी अधिकारी आईएएस क्षवेता चौहान ने शिविर का किया निरीक्षण मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए। भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष चेन सिंह राजपुरोहित ने बताया कि राजस्थान सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने की अपील की गई। प्रशासन गांवों के संग अभियान को लेकर आमजन को राहत देने का आग्रह किया गया। इस दौरान जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने शिविर का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को कहा कि हर कार्य समय पर करें और आमजन की समस्याओं का निस्तारण हाथों-हाथ करें। और सभी विभागों के अधिकारियों से अपने विभाग से संबंधित जानकारी ली। शिविर में पट्टे जारी किए गए। इस मौके पर उपसरपंच नेम सिंह राजपुरोहित सरपंच मदन लाल ग्राम विकास अधिकारी कृष्ण कुमार चारण कनिष्ठ सहायक नरेश कुमार सिरवी कनिष्ठ सहायक पुखराज सीरवी सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता ने 500 से अधिक प्रतिभाशाली विभूतियों को किया सम्मानित





**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर**

**पुष्पांजली टुडे**

**आगरा।** बुधवार को के. एल. शास्त्री महाविद्यालय जगनेर में पूर्व जिलापंचायत सदस्य सुधीर गर्ग गुड्डू व धर्मपत्नी भाजपा महिला मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष श्रीमती कृष्णा गर्ग ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर क्षेत्र के मेधावी छात्र छात्राओं एवं देश में विभिन्न पदों पर सेवा करने वाले प्रतिभाशाली विभूतियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सुधीर गर्ग ने सभी अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। सभी उपस्थित प्रतिभागियों को पटका,सर्टिफिकेट व मोमेन्टो से सम्मानित किया। सम्मान मिलते ही प्रतिभागियों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में 2018 बेंच के आईईएस उमेश मंगल ने बताया कि शिक्षा के लिए सफलता के पांच मूल मंत्र है।

1. उच्च लक्ष्य का निर्धारण, जो आगामी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन सकेद्य

2. स्वयं पर विश्वास,

3. स्वयं के प्रति ईमानदारी, कठिन परिश्रम और समय का सही प्रबंधन,

4. मोबाइल और इंटरनेट का सीमित परंतु सही(लक्ष्य आधारित उपयोग),

5. प?ाई में कंसिस्टेंसी और पॉजिटिव एटीट्यूड को अपना मूल मंत्र बनाया था।



वही 2020 बेंच के आईएएस सचिन अग्रवाल ने बताया कि उनकी प्रारम्भिक शिक्षा जगनेर से ही ग्रहण की है उन्हें परिवार के विशेष सहयोग से ही यह मुकाम हासिल किया है। लुहिवी दृष्टि हीन संस्थान के नेत्रहीन छात्र छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में प्रबंधक हरिओम शर्मा, दिलीप सिंह कसाना,गोविंद पराशर,विष्णु सिकरवार,शिवकुमार बंसल,सुमित गर्ग,ममता गर्ग,डॉ संगीता शर्मा,मनोज कुमार शर्मा, दामोदर प्रसाद अग्रवाल,त्रलोक चन्द अग्रवाल,डॉ आरती शर्मा,लवकुश परमार,नवीन राजावत,मुकेश सिंह,भगवती प्रसाद,रॉकी चंसोरिया,अजय जादोंन,माधव गर्ग,पवन गोस्वामी, लक्ष्मी कुशवाह ,सीताराम मित्तल ,कोमल सिकरवार, करन शर्मा,पवन गोस्वामी आदि लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेन्द्र सिंह राव ने की तथा सफल संचालन सूरज शर्मा भाकरिया ने किया।



# कांग्रेस ने महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई

दैनिक पुष्पांजली टुडे*

***कांग्रेस अकेली ऐसी पार्टी है जो सर्वधर्म के महापुरूषों का आदर करती है- सोपत जाटव***

**भिण्ड(ब्यूरो)।** महर्षि बाल्मीकि के जीवन दर्शन की यह विशेषता है कि उन्होने समानता के उच्च आदर्शों को स्थापित किया है। राष्टपिता महात्मा गांधी जी भी उसी समानता के उच्च आदर्शों पर चले और अंग्रेजों को देश छो?ने पर विवश कर दिया था। कांग्रेस ही एक मात्र ऐसी पार्टी हैं जो सभी धर्मों एवं उनके महापुरषों का आदर करती हैं ये बात कांग्रेस कार्यालय बीटीआई रोड पर जिला कांग्रेस पर आयोजित महाकवि महर्षि बाल्मीकि की जयंती पर पूर्व विधायक सोपत जाटव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि के रूप में कही। बुधवार को जिला कांग्रेस मुख्यालय में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ईरशाद अहमद की अध्यक्षता में मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई। पूर्व विधायक सोपत जाटव ने महर्षि बाल्मीकि को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कांग्रेस सदैव महापुरूषों, ऋषियों, मनीषियों के आदर्शों पर चलती रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इरशाद अहमद ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि एक महान ऋषि और महामानव थे। उनके द्वारा बताये रास्ते पर चलकर ही देश व समाज आगे ब? सकता है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए नगर अध्यक्ष संजय भूता ने कहा महर्षि वाल्मीकि ने समानता के उच्च आदर्शों को स्थापित किया

उन्होंने ने कहा कि महापुरूषों को इसलिए याद किया जाता है ताकि उनसे प्रेरणा लेकर सच्चाई के मार्ग पर आगे ब?ें। हर समय में समाज में काल परिस्थितियों में महामानव ने जन्म लिया है जिससे भारतीय संस्कृति सभ्यता में मानवता का उद्भव हुआ।

## नैनो न्यूज

### मजदूर की मौत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**ग्वालियर।** शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में अवस्थित यातायात नगर में मार्च के माह में ट्रक से बोरी उतारते समय हुई एक मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लोहार निवासी मेवाराम बंशकार मजदूरी करता था। 3 मार्च को वह यातायात नगर में ट्रक से बोरी उतार रहा था तभी ट्रक क्रमांक आर जे 11जीबी 1124 के चालक ने ट्रक चालू कर दिया और मेवाराम की गर्दन पर बोरी गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था ।उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### मायके में विवाहिता ने जहर खाया

**ग्वालियर।** देहात के बिजौली थाना क्षेत्र के सोनी गांव में मायके में आई एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ।पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार बिजौली थाना क्षेत्र के सोनी गांव निवासी राधिका माहौर 22 साल का विवाह भिंड निवासी दीपक माहौर से हुआ था ।दो दिन पहले ही राधिका अपने मायके आई थी ।बीती रात उसकी हालत बिगड़ गई तो परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पता चला कि राधिका ने जहरीला पदार्थ खा लिया है ।बाद में उपचार के दौरान राधिका की अस्पताल में मौत हो गई ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतका के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेन में महिला यात्री की चैन और नकदी चोरी

**ग्वालियर।** जीटी एक्सप्रेस मैं सवार होकर दिल्ली जा रही एक महिला का पर्स चोरी हो गया पर्स में सोने की चेन और नगदी थी। जीआरपी ने मामला दर्ज कर लिया है ।जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के आंवला निवासी निर्मला बोर्डे जीटी एक्सप्रेस की डी 2 जनरल बोगी में सवार होकर दिल्ली जा रही थी ।दतिया के पास वह ट्रेन की बोगी में फ्रेश होने बाथरुम गई ।तभी किसी ने उनका पर्स चोरी कर लिया पर्स में सोने की चेन तथा नगदी और कागजात थे। जीआरपी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### संस्था स्तर की काउन्सिलिंग के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ

**ग्वालियर।** प्रदेश के शासकीय, स्वशासी, अनुदान प्राप्त, स्ववित्तीय एवं निजी इंजीनियरिंग संस्थानों में संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। सत्र 2021-22 में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी बीटेक एवं बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग बीई में प्रवेश के लिये संस्था स्तर की काउन्सिलिंग सीएलसी के लिये ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन 19 अक्टूबर से 25 अक्टूबर की रात्रि 11¬45 तक किया जा सकता है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 अक्टूबर एवं 25 अक्टूबर की रात्रि 11¬45 बजे तक इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना होगा। प्रवेश, नियम एवं विस्तृत समय-सारणी, काउन्सिलिंग प्रक्रिया की जानकारी तकनीकी शिक्षा संचालनालय की वेबसाइट पर विजिट कर प्राप्त की जा सकती है।

### अशासकीय विद्यालय की मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 नवम्बर तक

**ग्वालियर।** अशासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री विद्यालयों की नवीन मान्यता वर्ष 2022-23 के लिए ऑनलाइन आवेदन किये जाने है, इसके लिए एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। जिन अशासकीय को नवीन मान्यता वर्ष 2022-23 के लिए आवेदन किये जाने है, वे संस्थाए एम.पी.ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 15 नवम्बर 2021 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

# पति की प्रताड़ना से तंग आकर की थी नवविवाहिता ने आत्महत्या

**ग्वालियर।** लव मैरिज के सिर्फ 20 दिन बाद फांसी लगाकर खुदकुशी करने वाली नेहा चौहान के मामले में पुलिस ने उसके ही पति पर स्न्ढ्ढक्र दर्ज की है। पड़ताल में खुलासा हुआ है कि पति की थर्ड डिग्री टॉर्चर से नेहा के शादी के बाद देखे गए सारे सपने टूट गए और उसने अपनी जान देने का फैसला लिया था। पता लगा है कि पति शादी के बाद से ही रोज उसे बेरहमी से पीट रहा था। घटना 12 सितंबर को हर गोविंदपुरम में हुई थी। पुलिस आरोपी पति की तलाश कर रही है।

**3 महीने की दोस्ती, प्यार, शादी और मौत:** उपनगर मुरार के सिद्धेश्वर नगर निवासी 22 साल की नेहा चौहान सिटी सेंटर पटेल नगर में एक शोरूम के पास प्राइवेट ऑफिस में जॉब करती थी। अपने काम पर आने जाने के दौरान करीब 3 महीने पहले उसकी दोस्ती पटेल नगर हरगोविंदपुरम में रहने वाले राहुल बाथम से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों में मुलाकात होने लगी। 22 अगस्त को दोनों ने अपने-अपने परिवार के खिलाफ जाकर मंदिर में लव मैरिज कर ली थी। अपनी शादी के लिए अपने परिवारों के खिलाफ जाने वाले प्रेमी जोड़े में शादी के बाद से ही झगड़े शुरू हो गए। 11 सितंबर की रात को भी नेहा और राहुल के बीच बहस हुई। इस



पर दोनों अलग-अलग सो गए। रात 3.30 बजे तक राहुल ने नेहा को सोता देखा था। इसके बाद वह सो गया। 12 सितंबर सुबह जब उसकी नींद खुली तो देखा कि उसी रूम में नेहा ने फांसी लगा ली थी। उसने उसकी नब्ज टटोली तो सांसे थम चुकी थीं। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। मृतक के मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया था।

**जांच में हुआ खुलासा लव मैरिज के 19 दिन में टूट गए थे सारे सपने:** जब पुलिस ने इस मामले की छानबीन की तो पता लगा कि जो प्रेमी शादी से पहले चांद तारे तोड़ कर लाने की बात करता था। जिस कारण नेहा ने अपने सारे परिवार से लड़कर उससे शादी की, लेकिन शादी के बाद अचानक सारे सपने चकनाचूर हो गए। न तो राहुल के पास काम था न ही पैसे। वह शराब पीने का आदी था और मारपीट करता था। 19 दिन में उसने नेहा को कई बार पीटा। मायके वह जा नहीं सकती थी कि क्योंकि राहुल के लिए उसके संबंध सबसे खराब हो गए थे। इसलिए उसने आत्महत्या का कदम उठाया। अब पुलिस ने आरोपी पति पर उसे यह कदम उठाने पर विवश करने का मामला दर्ज कर लिया है।

# ग्वालियर में 65 बच्चों समेत 110 मरीज मिले भिंड, मुरैना, शिवपुरी से भी आ रहे पॉजिटिव

**ग्वालियर।** ग्वालियर-चंबल अंचल में डेंगू अब खतरनाक होता जा रहा है। यह जिला प्रशासन, स्वास्थ्य और नगर निगम के अफसरों के लिए नई मुसीबत बन गया है। बीते 24 घंटे में जिले में हुई 271 सैंपलों की जांच में 167 मरीज को डेंगू होने की पुष्टि हुई है। हैरत की बात यह है कि इनमें से 110 मरीज सिर्फ शहर के हैं और इनमें भी 65 बच्चे (18 या इससे कम आयु के) हैं। शेष 57 मरीज पड़ोसी शहरों से हैं जैसे मुरैना, भिंड, शिवपुरी, दतिया और श्योपुर आदि हैं। साथ ही इसमें राजस्थान के धौलपुर, उत्तर प्रदेश के जालौन और झांसी के मरीज भी शामिल है।



**अस्पताल में नहीं मिल रहे बेड, हालत खराब:** जिस तेजी से शहर में डेंगू के केस मिल रहे हैं, उससे शहर के अस्पतालों विशेषकर जयारोग्य अस्पताल में बेड नहीं मिल रहे हैं। मरीजों को जमीन पर बच्चों को एक-एक बेड पर दो से तीन तक भर्ती करने पड़ रहे हैं। हालातों को देखते हुए जयारोग्य चिकित्सालय (JAH) और जिला अस्पताल में डेंगू के मरीजों के लिए बेड बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। डॉ. देवेंद्र कुशवाह ने बताया कि JAH में कुल दो वार्ड में 18 पलंग डेंगू के मरीजों के लिए आरक्षित किए गए हैं। चूंकि,अधिकांश पर मरीज भर्ती हैं। जिला अस्पताल में भी वर्तमान में डेंगू के लिए अलग से वार्ड बनाया गया है। इसके अलावा पीडियाट्रिक वार्ड में 14 डेंगू पीड़ित बच्चे उपचार करा रहे हैं। पांच डेंगू के मरीज डेंगू वार्ड में भर्ती हैं।

**जिन इलाकों में कोविड का था प्रकोप, वहीं डेंगू भी पन रहा:** जिन इलाकों में दूसरी लहर में कोविड के केस ज्यादा मिले थे उन्हीं इलाकों जैसे मुरार, गोले का मंदिर, महाराजपुरा, दीनदयाल नगर, सिद्धेश्वर नगर, सिटी सेंटर, पटेल नगर, गोविंदपुरी, ग्वालियर क्षेत्र, गांधीनगर, बिरला नगर, न्यू रेलवे कालोनी, बहोड़ापुर, विनय नगर, आनंद नगर, उरवाई गेट। लश्कर क्षेत्र, सिकंदर कंपू, आम खो, गोल पहाड़िया, वीरपुर, नाका चंद्रवदनी, ढोली बुआ का पुल पर डेंगू के मरीज भी ज्यादा मिले हैं।

**साल 2018 में मिले थे 1202 केस:** अक्टूबर में डेंगू का प्रकोप कितना ज्यादा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 30 सितंबर तक शहर में डेंगू के मरीजों की संख्या 294 थी। अक्टूबर में कुल मरीज की संख्या 915 हो गई है। ये आंकड़ा इसलिए भी डराने वाला है क्योंकि वर्ष 2018 में डेंगू के रिकॉर्ड 1202 केस मिले थे। अभी जैसे हालात हैं, उससे अनुमान लगा सकते हैं कि अक्टूबर में यह रिकॉर्ड टूट जाएगा।

**दो साल का रिकॉर्ड 10 दिन में टूटा:** डेंगू महामारी की तरह फैल रहा है। इसकी भयानकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सितंबर में जहां डेंगू के 20 से 30 मरीज ही मिल रहे थे, वहीं अक्टूबर में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2019 में (370) और 2020 में (16) में डेंगू मरीज मिले थे। मतलब दो साल में कुल 386 मरीज मिले थे, जबकि 10 दिन में ही डेंगू के 384 नए मरीज सामने आए हैं।

**कलेक्टर, निगम आयुक्त, CMHO के दावों की खुली पोल:** कोरोना की तीसरी लहर से निपटने का दावा कर रहे अधिकारी डेंगू को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

### डिजिटल लॉक, ट्रेकिंग सिस्टम और पीएच सेंसर से लैस होंगे साँची दूध के टैंकर

**ग्वालियर।** साँची के दूध टैंकर डिजिटल लॉक ट्रेकिंग सिस्टम और पीएच सेंसर से लैस किए जायेंगे। मध्यप्रदेश देश का संभवत¬ पहला राज्य होगा, जहाँ राज्य दुग्ध संघ द्वारा दूध की उच्च गुणवत्ता बनाये रखने के लिये यह पहल की जा रही है। प्रबंध संचालक एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन श्री शमीमुद्दीन ने बताया कि साँची के दूध टैंकरों में दूध की चोरी और पानी मिलाने की घटनाओं को रोकने के लिये प्रदेश के सभी दुग्ध संघों के 155 टेंकरों में डिजिटल लॉक, व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम और पी.एच. सेंसर लगाये जा रहे हैं। प्रबंध संचालक ने बताया कि यह सुनिश्चित करने के लिये कि टैंकर अधिकृत व्यक्ति द्वारा निर्धारित स्थान पर ही खोला जा रहा है, दूध टैंकरों में इनलेट और आउटलेट पर उच्च गुणवत्ता के आईपी-68, ईएन-16864, सीईएन-4 सर्टिफाइड मेकट्रॉनिक्स डिजिटल लॉक लगाये जाएंगे।

# ऑटो में मिले मवेशियों के 70 किलो अवशेष पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ड्राइवर को पकड़ा



**ग्वालियर।** ग्वालियर में आधी रात विहिप के गौरक्षकों ने हंगामा खड़ा कर दिया। सड़क पर लहरा रहे एक ऑटो के चालक को रोककर चेक किया तो उसमें मवेशियों के अवशेष भरे थे। इसके बाद तो गौरक्षक आक्रोशित हो गए। ऑटो चालक को पकड़ा और पुलिस को खबर दी। घटना रात 12 बजे उपनगर मुरार के हुरावली लिंक रोड की है। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ऑटो को जब्त कर थाना ले आई है। ऑटो में मवेशियों के अवशेष हैं। करीब 70 किलो वजन हैं। पुलिस ने चालक से पूछताछ की तो वह नशे में धुत होने के कारण कुछ बता नहीं पा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जबकि गौरक्षकों ने यह अवशेष गाय के बताकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार रात 12 बजे हुरावली लिंक रोड पर बारादरीर चौराहा की तरफ से एक लोडिंग ऑटो हुरावली की तरफ आ रही थी। लोडिंग का चालक काफी नशे में था और सड़क पर गाड़ी को लहरा रहा था। एक बाइक में भी उसने कट मारा। इसी समय यहां से विश्व हिंदू परिषद के प्रभात गौरक्षक भरत राजपूत निकल रहे थे। लोडिंग को रोका तो चालक नशे में धुत था। उन्होंने लोडिंग में भरे कट्?टों में देखा तो दंग रह गए। उसमें मवेशियों के अवशेष थे। हड्डियां भरी पड़ी थीं। इस पर गौरक्षकों ने मवेशियों की हत्या का आरोप लगाते हुए रात को ही हंगामा खड़ा कर दिया। गौरक्षक भरत राजपूत का कहना था कि यह मवेशियों की हत्या करने के बाद यह अवशेषों को ठिकाने लगाने के लिए ले जाया जा रहा था। हंगामे की सूचना मिलते ही ञ्जढ्ढ मुरार शैलेन्द्र भार्गव मौके पर पहुंच गए। तत्काल लोडिंग को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

### 70 किलो अवशेष मिले हैं

TI मुरार शैलेन्द्र भार्गव का कहना है कि लोडिंग ऑटो में मवेशियों के अवशेष मिले हैं। उसका वजन लगभग 70 किलो के लगभग बताया जा रहा है। गौरक्षकों की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। अवशेषों की जांच भी कराई जा रही है। अभी ऑटो के चालक पर एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर लिया है। इन अवशेष की जांच के बाद जो भी रिपोर्ट आएगी उसी आधार पर आगे भी कार्वाई की जाएगी।

# उत्तराखंड की कंपनी ने व्यापारी को ठगा

**ग्वालियर।** उत्तराखंड की एक कंपनी ने ग्वालियर के दाल बाजार के व्यापारी को MP की डीलरशिप देने के बाद फूडस प्रोडक्ट भेजे थे। पर कंपनी ने ग्वालियर के व्यापारी के साथ धोखा कर भोपाल में भी एक फर्म को डीलरशिप दे दी। इसके बाद भेजे गए ज्यादातर प्रोडक्ट जैसे अचार, सॉस, विनेगर व अन्य एक्सपायरी डेट निकले। कंपनी एक्सपायरी निकलने पर माल वापस तो बुलवा लिया, लेकिन नया माल नहीं भेजा। न ही व्यापारी के जमा




8 लाख रुपए लौटाए। घटना अगस्त 2020 से अभी तक की है। परेशान व्यापारी ने मामले की शिकायत अभी एक सप्ताह पहले ही कोतवाली थाना में की थी। जिस पर पुलिस ने उत्तराखंड की कंपनी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शहर के दाल बाजार निवासी राजकुमार गुप्ता पुत्र दयाराम गुप्ता व्यापारी है। वह सागर कंसायनी प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी के डायरेक्टर हैं। अगस्त 2020 में उत्तराखंड हरिद्वार के रूड़की की कंपनी बाउण्टीफुट फूडस प्राइवेट लिमिटेड से उनका करार हुआ था। उत्तराखंड की कंपनी ने उन्हें पूरे मध्यप्रदेश में उनकी कंपनी के प्रोडक्ट (अचार, सॉस, विनेगर, जैम) सप्लाई के लिए डीलरशिप दी थी। इसके लिए उन्होंने कंपनी के खाते में बतौर सुरक्षा राशि 4 लाख रुपए भी जमा करा दिए थे। इसके बाद कंपनी ने माल भेज दिया और उसका पैमेंट भी कर दिया। जब मॉल को चेक किया तो पता चला कि माल खराब एक्सपायरी डेट भी निकल चुकी है, इसकी शिकायत उन्होंने कंपनी से की तो उन्होंने भी माल खराब होने की पुष्टि की और पूरा माल वापसी के लिए कंपनी के अफसरों से कहते रहे, लेकिन उन्होंने माल वापस नहीं लिया। इस तरह कंपनी के डायरेक्ट निधि मित्रा, अवध कुमार, निलांजन मित्रा और विनोद कुमार से कई बार संपर्क किया, लेकिन उनके द्वारा कोई निराकरण नहीं किया और उन्हें 7 लाख 97 हजार 88 रुपए का नुकसान हुआ।

**शतों का पालन नहीं किया, भोपाल में एजेंट बना दिया:** व्यापारी ने शिकायत में यह भी बताया कि अनुबंध था कि पूरे मध्यप्रदेश में केवल वह ही कंपनी के सीएण्डएफ (डीलरशिप) हैं और उनके द्वारा ही माल की सप्लाई की जाएगी, लेकिन उन्होंने और भी एजेंट नियुक्त कर दिए। सुपरस्टॉकिस्ट को भी माल सप्लाई कर उनके साथ धोखाधड़ी की। उनकी शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

### त्योहार से पहले हजीरा चौराहे से निकलने वाले सभी रास्ते जाम, ठेलों ने किया कब्जा



**ग्वालियर।** त्योहार के बाजार में लगातार बढ़ रही हॉकर्स की भीड़ अब ग्राहकों के लिए परेशानी का सबब बनने लगी है। हजीरा चौराहे से किसी भी ओर जाने वाले रास्ते पर ठेला व्यवसायियों का कब्जा है, इस कारण यहां से वाहन निकालना मुश्किल है। पहले तो सड़क घेरकर ठेला लगा है और उसके आगे खरीदारों की गाड़ियां रास्ता रोक रही हैं। इसका लाभ लेकर दुकानदार भी पीछे नहीं हैं। त्योहार का सामान रखने के लिए उन्होंने भी काउंटर बाहर निकाल लिए हैं। हजीरा चौराहे से किलागेट, चार शहर का नाका और बिरला नगर की ओर जाने वाले रास्ते पूरी तरह से ठेले वालों के अतिक्रमण का शिकार हैं। साथ ही दुकानदार भी रोड और फुटपाथ घेरकर कारोबार कर रहे हैं। पार्किंग की प्रॉपर व्यवस्था न होने के कारण ग्राहकों के वाहन भी रोड पर खड़े हैं। इससे भी ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है।

**खाली पड़ा है हॉकर्स जोन:** हजीरा के ठेलों को शिफ्ट करने के लिए इंटक मैदान में सर्वसुविधायुक्त हॉकर्स जोन बनाया गया था। दो बार ठेलों को शिफ्ट करने का प्रयास भी किया गया, लेकिन व्यवस्था राजनीति की शिकार हो गई। अब स्थिति यह है कि हॉकर्स जोन खाली पड़ा है और ठेला कारोबारी रोड घेरकर कारोबार कर रहे हैं।

**टेंपो-ऑटो भी रोकते हैं रास्ता:** हजीरा और किलागेट चौराहे पर ऑटो और टेंपो का प्रॉपर स्टॉपेज न होने के कारण वाहन चालक सड़क घेरकर ही खड़े होते हैं। ऐसे में लेफ्ट टर्न पूरी तरह से सवारी वाहनों से घिरा रहता है। इस कारण न सिर्फ आमवाहन सवार बल्कि पैदल राहगीरों को परेशानी होती है।

# कलाकार की कृतियां हमेशा अनमोलः निगम आयुक्त

**ग्वालियर।** कला की अपनी भाषा होती है, कोई भी कलाकार अपनी कृति के माध्यम से ही अपना सारा संदेश दे सकता है। कलाकार पक्ष हमेशा सकारात्मक होता है, वह कभी भी नकारात्मक नहीं होती । कलाकार की कृतियां हमेशा अनमोल होती है। उक्त उदगार आज नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल ने व्यक्त किये। वह फाईन आर्टस कालेज ग्वालियर में संस्कृति संचालनालय भोपाल द्वारा अमृत महोत्सव एवं शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। निगम आयुक्त किशोर कान्याल ने कहा कि ग्वालियर शहर ने हमेशा कला प्रतिभाओं को निखारने में अपना सहयोग दिया है। नगर निगम भी कला प्रतिभाओं को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। हमने शहर में विभिन्न चौराहों सहित सार्वजनिक स्थलों पर भी कलाकृतियां प्रदर्शित करने की पहल की है, जिससे अब शहर का नया सौदर्य निखर कर सामने आया है।

निगम आयुक्त ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं से शहर को स्वच्छ बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील भी की। इस मौके पर भोपाल से आये वरिष्ठ कलाकार एलएन भावसार ने भी प्रशिक्षणार्थियों को कला की बारीकियां





समझाई। उन्होंने कहा कि कला की जिज्ञासा कलाकार में कभी भी समाप्त नहीं होना चाहिये, उसे हमेशा कला को ग्रहण करने की योग्यता रखना चाहिये। भावसार ने कहा कि कलाकार ईश्वर का एक तरह से अंश है, जैसे ईश्वर हमेशा नई रचना करता है,उसी प्रकार कलाकार भी अपनी कृति के माध्यम नई रचनाओं का निर्माण करता है। भावसार ने कहा कि कला के प्रति कलाकार का समर्पण होना जरूरी है, युवा कलाकार इस पर हमेयाा ध्यान दें। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप मं कार्यपरिषद सदस्य राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर चन्द्रप्रकाश सिकरवार ने कहा कि यह संस्थान का कार्य कला के क्षेत्र में विद्यार्थियों को वरिष्ठ कलाकार के साथ कार्यशाला प्रशिक्षण दे रहा है यह कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस मौके पर कालेज की जनभागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने भी कहा कि कला ही ईश्वर की साधना का प्रतिरूप है। उन्होंने कहा कि निगम आयुक्त किशोर कान्याल ने कला को बढावा देने के लिये सक्रिय पहल की है, इसे हमेशा सराहा जायेगा। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्राचार्य मधुसूदन शर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन बृजमोहन आर्य ने किया। इस मौके पर पर प्रभारी प्राचार्य मधुसूदन शर्मा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किये।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478